दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K

RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-32 अंक-50 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) मंगलवार 31 मार्च 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना







## विविध-समाचार

### युवक युवती की लाश मिलने से सनसनी

### युवक फांसी पर लटका और युवती का शव झाड़ियों में मिला

मंडला (आरएनएस)। जिले के कुंभ क्षेत्र में युवक-युवती का संदिग्ध अवस्था में शव मिलने से सनसनी फैल गई। पेड़ पर युवक का शव और करीब 100 मीटर दूरी पर युवती की लाश झाड़ियों में पाई गई। दोनों मृतक महाराजपुर के बताए जा रहे है। युवती के परिजनों ने थाने में अपहरण की और युवक की भी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।रिपोर्ट के बाद पुलिस युवक युवती की पतासाजी में जुटी थी। सूचना मिली की युवक युवती की लाश कुंभ क्षेत्र में दिखाई दे रही है। पुलिस मौके पर पहुंची दोनों की शिनाख्त कर परिवार को घटनास्थल बुलवाया और पहचान की। पुलिस ने दोनों शव को बरामद कर पीएम के लिये जिला अस्पताल पहुंचाया।प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ नजर आ रहा है। बहरहाल पुलिस अधीक्षक रजत सकलेजा भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने मर्ग कायम कर मामले की जांच की बात कही है

### शादीशुदा नेवी अफसर ने प्रेमिका की हत्या कर फ्रिज में छिपाया शव, सबूत मिटाने से पहले गिरफ्तार

नई दिल्ली(आरएनएस)। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां भारतीय नौसेना के एक कर्मचारी ने अपनी 28 वर्षीय प्रेमि की हत्या कर दी। इसके बाद उसने सबूत मिटाने के लिए महिला के शव के टुकड़े-टुकड़े कर कुछ हिस्सों को फ्रिज में छिपा दिया पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी ने ऑनलाइन एक चाकू मंगाकर शव के टुकड़े किए, इसके बाद कुछ हिस्सों को फ्रिज में रख दिया और रविवार को अदाविवरम के पास एक खाली जगह पर सिर और हाथों को जला दिया।पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान सी.एच. रविंद्र के रूप में हुई है, जो ड्डहस्र डेगा पर तैनात है। वहीं, मृतका की पहचान मोनिका के रूप में हुई है। जिससे रविंद्र 2021 से संपर्क में था। दोनों की मुलाकात एक डेटिंग ऐप के जरिए हुई थी।पुलिस ने बताया कि समय के साथ दोनों के बीच संबंध गहरे हो गए थे और वे विशाखापत्तनम में अलग-अलग जगहों, जैसे पार्क और थिएटर में अक्सर मिलते थे

### समुद्र में नहाते समय लहर में बह गए 2 पर्यटक, हुई मौत

भुवनेश्वर (आरएनएस)। ओडिशा के पुरी से एक दर्दनाक खबर सामने आई है, जहां सोमवार सुबह समुद्र में नहाने के दौरान दो पर्यटकों की डूबने से मौत हो गई। यह हादसा सेक्टर-14 लाइटहाउस बीच के पास हुआ, जहां अक्सर पर्यटक समुद्र का आनंद लेने पहुंचते हैं। दोनों पर्यटक समुद्र में नहाने के लिए उतरे थे, लेकिन लहरों के बीच फंस गए। हालांकि सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम तुरंत एक्टिव हो गई और दोनं को पानी से बाहर निकाला गया। आनन-फानन में दोनों पर्यटकों को अस्पताल लेकर गए, लेकिन उनकी मौत हो गई। इस घटना की वीडियो भी सामने आया है, जहां दोनों पर्यटकों को बचाने का प्रयास करते हुए देखा जा सकता है। जानकारी के मुताबिक, दोनों पर्यटक सुबह के समय समुद्र में नहाने के लिए उतरे थे। इसी दौरान अचानक समुद्र की तेज लहर में वे फंस गए और देखते ही देखते गहरे पानी की ओर बह गए। मौके पर मौजूद लोगों ने जब उन्हें संघर्ष करते देखा, तो तुरंत लाइफगार्ड और फायर सर्विस टीम को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही लाइफगार्ड और अग्निशमन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। काफी प्रयास के बाद दोनों पर्यटकों को समुद्र से बाहर निकाला गया और तुरंत इलाज के लिए पुरी जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया।


# सीएम ममता ने खुद की हत्या की आशंका जाहिर की,विपक्षी सांसदों का मिला साथ

## सांसदों ने कहा, कुछ इनपुट होगा तभी ममता ऐसा कह रही



नई दिल्ली,(ए)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा खुद की हत्या होने की आशंका का विपक्ष के सांसदों ने समर्थन कर दिया है। विपक्षी सांसदों ने कहा कि कुछ इनपुट होगा तभी ममता ऐसा कह रही है। तृणमूल कांग्रेस सांसद कीर्ति आजाद ने मुद्दे पर चिंता जाहिर कर कहा कि यह स्थिति बेहद खतरनाक है। उन्होंने कहा कि ममता पहले भी कई बार राजनीतिक हिंसा से प्रभावित हो चुकी हैं, यहां तक कि वामपंथियों के खिलाफ संघर्ष के दौरान उन्हें गंभीर चोटें आई थीं। टीएमसी सांसद आजाद ने सवाल उठाया कि आखिर विपक्ष ममता से क्या चाहता है और क्या इस तरह के माहौल में उनकी सुरक्षा को खतरा नहीं है।वहीं समाजवादी पार्टी के सांसद राजीव कुमार राय ने ममता के बयान का समर्थन कर कहा कि उन्होंने बहुत कम कहा है।

देश में ऐसा माहौल तैयार किया जा रहा है, जहां लोगों को यह तक तय करने की आजादी नहीं है कि वे क्या खाएं, क्या पहनें, क्या बोलें या क्या लिखें। इस तरह के बयान खुद ही मौजूदा हालात की सच्चाई बयां करते हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महावीर जयंती पर जैन मुनियों से भेंट और दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया

# ईरान-रूस से तेल खरीदने के लिए ट्रंप से लेनी पड़ रही इजाजत, राहुल गांधी का पीएम मोदी पर तीखा हमला

नई दिल्ली,(आरएनएस)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केरल के कोट्टायम में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखे प्रहार किए। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की वजह से भारत की अपनी मर्जी से तेल खरीदने की ताकत खत्म हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत को ईरान या रूस जैसे देशों से तेल खरीदने के लिए भी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से अनुमति लेनी पड़ती है। उन्होंने केरल की एलडीएफ सरकार को भी भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरा और रबर किसानों के



लिए बड़े वादे किए। राहुल गांधी ने जनसभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के साथ समझौता करके हमारे किसानों के अधिकार छीन लिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पीएम मोदी आधुनिक भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने देश की ऊर्जा सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। राहुल ने कहा कि आज भारत अपनी मर्जी से पेट्रोल या डीजल नहीं खरीद सकता है। उन्होंने आगे कहा कि मध्य पूर्व के हालातों की वजह से आर्थिक संकट आने वाला है, लेकिन 140 करोड़ लोगों का देश अपनी मर्जी से तेल नहीं खरीद पा रहा है

# आगामी पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव बीजेपी के लिए राजनीतिक परीक्षा, साख दांव पर

## -बंगाल में सत्ता पर नजर, असम में मुस्लिम एकजुट हुए तो बढ़ सकती है मुश्किल

नई दिल्ली,(ए)। आगामी दिनों में देश के चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव बीजेपी के लिए बड़ी राजनीतिक परीक्षा होंगे। पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और



पुडुचेरी में पार्टी की रणनीति और प्रदर्शन पर उसकी भविष्य की राजनीतिक दिशा निर्भर करेगी। पश्चिम बंगाल में मुख्य मुकाबला टीएमसी और बीजेपी के बीच माना जा रहा है। सीएम ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी को चुनौती देने के लिए बीजेपी 5फीसदी वोट स्विंग पर नजर रखे हुए है।विश्लेषकों के मुताबिक यदि बीजेपी टीएमसी के वोट बैंक में मामूली सेंध लगाने में सफल रहती है, तो वह राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बन सकती है। वहीं असम में बीजेपी हैट्रिक की कोशिश में है, लेकिन यहां 34फीसदी मुस्लिम वोट निर्णायक भूमिका निभाते हैं। यदि यह वोट बैंक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के बीच बंटा, तो बीजेपी को लाभ मिल सकता है, जबकि एकजुटता की स्थिति में मुकाबला कड़ा हो जाएगा।

### नेपाल के रास्ते बिना वीजा भारत पहुंची उज्बेकिस्तान की दो महिलाएं गिरफ्तार, एक अन्य महिला को भी पकड़ा

नई दिल्ली,(आरएनएस)। रायपुर थाना पुलिस ने नेपाल के रास्ते बिना वीजा भारत आई उज्बेकिस्तान की दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। साथ वीजा की अवधि खत्म होने के बाद भी देहरादून में रह रही किर्गिस्तान की एक महिला को भी पकड़ा गया है। इनके पास से फर्जी दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं।एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल के मुताबिक ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत पुलिस रायपुर क्षेत्र में सत्यापन अभियान चला रही थी। इस दौरान साईं कॉम्प्लेक्स की तीसरी मंजिल पर तीन विदेशी महिलाएं रहती मिलीं।

### ईरान युद्ध के बीच कुवैत में भारतीय नागरिक की मौत, पार्थिव शरीर भारत लाने की प्रक्रिया शुरू

नई दिल्ली (आरएनएस)। खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच कुवैत से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। ईरान से जुड़े हमले में एक भारतीय नागरिक की जान चली गई है। यह घटना कुवैत के एक बिजली और जल विलवणीकरण (डिसेलिनेशन) संयंत्र में हुई, जहां वह कर्मचारी के रूप में कार्यरत था। घटना के बाद भारतीय दूतावास सक्रिय हो गया है और पार्थिव शरीर को भारत लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### जयपुर के महेशनगर में शराब की दुकान के विरोध प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़की

जयपुर (आरएनएस)। राजस्थान के जयपुर में महेश नगर इलाके में कथित अवैध शराब बिक्री को लेकर हुए विवाद के बाद तनाव हो गया है, जो धीमे-धीमे हिंसा, तोड़फोड़ और आगजनी में तब्दील हो गया। पुलिस ने एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है और जांच शुरू कर दी है। यह घटना रविवार देर रात करतारपुरा नाले के पास हुई, जहां स्थानीय लोग बार-बार शिकायत कर रहे थे कि बंद होने के बाद भी शराब बेची जा रही है। जानकारी के अनुसार रविवार देर रात निवासियों ने कथित अवैध बिक्री पर फिर से आपत्ति जताई, जिससे उनके और दुकान संचालक के सहयोगियों के बीच तीखी बहस हुई। हालात देखते-देखते हिंसक झड़प में तब्दील हो गए, जिसमें दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमला किया।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने दिया इस्तीफा, जनता को लिखा संदेश- रिश्ता हमेशा अटूट रहेगा

पटना(आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद बिहार विधानसभा के बांकीपुर निर्वाचन क्षेत्र की जनता के नाम भावुक संदेश लिखा है। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकर्ताओं और बिहार की जनता के साथ मेरा जो अटूट संबंध है, वह सदैव बना रहेगा और मुझे हमेशा नई ऊर्जा, प्रेरणा और मार्गदर्शन देता रहेगा। भाजपा के अध्यक्ष नितिन नवीन राज्यसभा के सदस्य चुने गए हैं। इसके कारण उन्होंने अपने विधायक पद से इस्तीफा दिया है। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर भावुक पोस्ट करते हुए लिखा, कार्यकर्ताओं ने मुझे भाई के रूप में, परिवार के सदस्य के रूप में और अभिभावक के रूप में अंगुली पकड़कर आज इस मुकाम तक पहुंचाया है। मैं पटना और बिहार की जनता को आश्वस्त करता हूं कि जो परिवार का भाव उन्होंने मुझे दिया है, उसका मैं सदैव सम्मान करता रहूंगा।उन्होंने पोस्ट में लिखा, बांकीपुर और बिहार के मेरे सभी परिवारजन और कार्यकर्ता साथी, जनवरी 2006 में पिताजी के आकस्मिक निधन के बाद पार्टी ने मुझे पटना पश्चिम से उपचुनाव लड़ने का अवसर दिया और दिनांक 27 अप्रैल 2006 को मैं पहली बार पटना पश्चिम क्षेत्र से निर्वाचित होकर सामाजिक



एवं राजनीतिक जीवन की शुरुआत की। पिछले 20 सालों में पिताजी स्वर्गीय नवीन किशोर प्रसाद सिन्हा की ओर से बनाए गए इस क्षेत्र को पारिवारिक भाव से सींचने, संवारने और विकास के पटल पर आगे ले जाने का निरंतर प्रयास किया है।नितिन नवीन ने लिखा, मैंने सदैव अपने क्षेत्र और बिहार के विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य किया। इसी का प्रतिफल है कि यहां की देवतुल्य जनता ने मुझे लगातार 5 बार सदन में अपना प्रतिनिधि चुनकर सेवा का सौभाग्य प्रदान किया। सदन के अंदर हो या सदन के बाहर, दोनों ही स्थानों का उपयोग मैंने अपने क्षेत्र और बिहार की जनता की आवाज उठाने और उनकी समस्याओं के समाधान का मार्ग निकालने के लिए किया।उन्होंने 'एक्स' पोस्ट में कहा कि बिहार विधानसभा के सदस्य के रूप में मुझे सत्ता पक्ष और विपक्ष के कई वरिष्ठ विधायकों से बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला। मैंने अपने क्षेत्र के कई महत्वपूर्ण विषयों का समाधान जनता और कार्यकर्ताओं के सुझावों से ही निकाला है। नितिन नवीन ने आगे लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में पार्टी ने जब मुझे बिहार सरकार के मंत्री के रूप में काम करने का अवसर दिया।

### पेट्रोल पंपों पर भी मिलेगा केरोसिनः केंद्र सरकार का बड़ा फैसला

नई दिल्ली,(ए.)। मिडिल ईस्ट में बढते भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक तेल आपूर्ति में संभावित बाधाओं को देखकर केंद्र सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है। अब राशन की दुकानों (पीडीएस) के पारंपरिक दायरे से बाहर निकलकर केरोसिन (मिट्टी का तेल) देश के चुनिंदा पेट्रोल पंपों पर मिलेगा। केंद्र सरकार का यह कदम घरेलू ईंधन सुरक्षा सुनिश्चित करने और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को सुलभ बनाने की दिशा में उठाया गया है। मोदी सरकार ने आपूर्ति श्रृंखला को लचीला बनाने के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के कठोर नियमों में 60 दिनों की विशेष ढील दी है। इस नई नीति के तहत व्यवस्था कुछ इस प्रकार होगी।

# संकट में अन्नदाता राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने उठाई मध्यप्रदेश के ओलावृष्टि प्रभावित किसानों की आवाज

## किसानों के दर्द पर मरहम की मांग राज्यसभा में गूंजी फसल मुआवजे और सर्वे की पुकार

नर्मदापुरम। नई दिल्ली (निप्र)। मध्यप्रदेश में हाल ही में हुई अत्यधिक ओलावृष्टि भारी वर्षा और तेज हवाओं के कारण किसानों की तैयार रबी फसलों को हुए भारी नुकसान का मुद्दा सोमवार राज्यसभा में गूंजा। मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने विशेष उल्लेख के माध्यम से सदन और सरकार का ध्यान प्रदेश के गंभीर कृषि संकट की ओर आकर्षित किया। सांसद नारोलिया ने सदन में बताया कि प्रदेश के लगभग 25 जिले, विशेष रूप से उज्जैन, धार, रतलाम और शाजापुर में गेहूं और अन्य रबी की फसलें पूरी तरह तबाह हो गई हैं। उन्होंने भावुक होते हुए कहा, कटाई के इस चरम समय पर गेहूं की फसल गिरने और दानों के झड़ने से किसानों की साल भर की मेहनत पर पानी फिर गया है। फसल के साथ.साथ




सिंचाई पाइप और भंडारण जैसी कृषि संपत्तियों को भी भारी क्षति पहुंची है।किसानों की चिंता साझा करते हुए श्रीमती नारोलिया ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की और निम्नलिखित मुख्य सुझाव रखे।जिलावार क्षति का सटीक सर्वे कर रिपोर्ट पूर्ण करने की समय.सीमा तय की जाए।प्रभावित क्षेत्रों में के मानदंडों के अनुसार अतिरिक्त केंद्रीय सहायता प्रदान की जाए।प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत सरलीकृत दस्तावेजीकरण के साथ किसानों को समय पर मुआवजा सुनिश्चित हो।सरकारी केंद्रों पर फसल की गुणवत्ता के मानकों में थोड़ी ढील देते हुए सुचारू खरीद सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अंत में सरकार से विनम्रतापूर्वक आग्रह किया कि संकट की इस घड़ी में अन्नदाताओं को पारदर्शी और न्यायपूर्ण राहत पहुंचाने के लिए अविलंब कदम उठाए जाएं।

### बांग्लादेश बॉर्डर से लश्कर आतंकी शब्बीर अहमद लोन गिरफ्तार, ISI-हाफिज सईद के इशारे पर रचता था साजिश

नई दिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर शब्बीर अहमद लोन को बांग्लादेश सीमा के पास से गिरफ्तार किया है।जानकारी के अनुसार, लोन ढाका के नजदीक अपने ठिकाने से लश्कर के एक मॉड्यूल का संचालन कर रहा था। यह ऑपरेशन करीब दो महीने तक चली 'कैट-एंड-माउस' कार्रवाई का नतीजा बताया जा रहा है। पूरे अभियान की निगरानी पुलिस कमिश्नर Satish Golcha कर रहे थे।इस विशेष



टीम का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त Pramod Kushwaha, एसीपी Lalit Negi और इंस्पेक्टर Sunil Rajain कर रहे थे। टीम लंबे समय से लोन की गतिविधियों पर नजर रखे हुए थी। जांच में सामने आया कि वह दिल्ली, कोलकाता और तमिलनाडु में युवाओं की आतंकी गतिविधियों के लिए भर्ती में शामिल था।जांच एजेंसियों के मुताबिक, शब्बीर अहमद लोन पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी Inter-Services Intelligence के इशारों पर काम करता था और भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देने की साजिश रच रहा था।

# एमएसएमई इकाइयां औद्योगिक गतिविधियों का प्रभावी केन्द्र और लाखों परिवारों के स्वावलंबन का हैं आधार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मंत्री श्री काश्यप ने भेंट किया लघु उद्योग निगम के 8 करोड़ रूपए के अंतरिम लाभांश का चैक




भोपाल (निप्र) । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश, देश के सर्वाधिक सशक्त, आर्थिक रूप से सुदृढ़ और बेहतर वित्तीय प्रबंधन वाले प्रथम तीन राज्यों में से एक है। राज्य सरकार प्रदेश के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए हरसंभव सहयोग और मार्गदर्शन उपलब्ध करा रही है। देश-दुनिया के सभी निवेशकों के लिए प्रदेश के दरवाजे खुले हैं। हम उद्योग मित्र नीतियों और सहयोग की भावना के साथ उनके स्वागत के लिए तत्पर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश भारतीय अर्थव्यवस्था में उद्योग हो या कृषि हर क्षेत्र में योगदान के लिए निरंतर सक्रिय है। एमएसएमई इकाइयां औद्योगिक गतिविधियों का प्रभावी केन्द्र होने के साथ लाखों परिवारों के स्वावलंबन का आधार भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को समर्थ एमएसएमई विकसित मध्यप्रदेश की थीम पर मुख्यमंत्री निवास में 257 से अधिक एमएसएमई इकाइयों को उनके खाते में 169.57 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि सिंगल क्लिक से जारी कर संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्टार्टअप को लगभग 28 लाख से अधिक की अनुदान राशि की प्रथम किश्त भी जारी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को इस अवसर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने लघु उद्योग निगम की ओर से 8 करोड़ रूपए के अंतरिम लाभांश का चैक भेंट किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैतूल और आगर-मालवा के तीन उद्यमियों को औद्योगिक भूमि के लिए आवंटन-पत्र प्रदान किए और मुख्यमत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत हितलाभ वितरण भी किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का आयोजन महावीर जयंती के शुभ अवसर पर हो रहा है। यह भगवान महावीर के जनकल्याण और शुचिता के सिद्धांतों को साकार करने का भी प्रतीक है। प्रदेश में उद्योग-व्यापार गतिविधि और उद्यमिता प्रोत्साहित करने के लिए व्यवस्थाओं में पारदर्शिता और गति सुनिश्चित करते हुए निरंतर नवाचार जारी हैं। राज्य सरकार उद्यमियों को लिए पूंजी, भूमि और व्यवस्थाओं में सरलता कर, उनकी प्रगति की राह को आसान बना रही है। विभाग द्वारा बड़ी राशि का सिंगल क्लिक से सीधे अंतरण व्यवस्था में सुगमता और स्पष्टता का परिचायक है। पूरे देश में मार्च क्लोजिंग का वातावरण है, ऐसे में राज्य सरकार द्वारा एमएसएमई इकाइयों और उद्यमियों को राशि और सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह प्रदेश में नए संकल्पों के साथ नया वित्तीय वर्ष आरंभ करने का भी प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भी प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में ही भारत स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हुए प्रगति पथ पर अग्रसर है। युद्ध के दोनों पक्ष भारत का सहयोग कर रहे हैं, यह प्रधानमंत्री श्री मोदी की कुशल नीतियों से ही संभव है। जहां एक ओर विश्व के कई देशों में पेट्रोल-डीजल, गैस की उपलब्धता प्रभावित हो रही है, वहीं हमारे देश में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इनके मूल्यों पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ने दिया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत समर्थ भी है और सक्षम भी।

### सभी क्षेत्रों में हो रही है प्रगति : मंत्री श्री काश्यप

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनता के बीच सक्रिय होने के साथ प्रशासनिक दृष्टि से भी निरंतर गतिशील हैं। उनके व्यापक और स्पष्ट दृष्टिकोण के परिणाम स्वरूप प्रदेश उद्योग-व्यापार, कृषि, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने सहित सभी क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है। प्रमुख सचिव राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में विभाग में डिजिटल और पारदर्शी व्यवस्थाएं स्थापित की गई हैं। जिसके परिणामस्वरूप भूमि आवंटन प्रक्रिया को गति मिली है। प्रदेश के 25 औद्योगिक क्षेत्रों में विकास कार्य जारी हैं, साथ ही 6 नए औद्योगिक क्षेत्र भी विकसित किए जा रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश में 7100 से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश, देश के प्रमुख स्टार्टअप राज्य के रूप में स्थापित हो रहा है। कार्यक्रम में एमएसएमई इकाई के संचालक, उद्यमी और बड़ी संख्या में स्टार्ट-अप्स मौजूद रहे।

# समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन 10 और 15 अप्रैल से

### वैश्विक हालातों के बीच कैबिनेट समिति ने की तैयारियों की समीक्षा

भोपाल(ए)। मध्यप्रदेश सरकार ने रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं की खरीदी को लेकर व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस संबंध में सोमवार को कैबिनेट समिति की एक उच्च स्तरीय बैठक वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से आयोजित की गई, जिसमें राज्य में गेहूँ उपार्जन व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई।



खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि कैबिनेट समिति ने निर्णय लिया है कि इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम और भोपाल संभाग में गेहूँ की खरीदी का कार्य 10 अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया जाएगा। प्रदेश के शेष संभागों में उपार्जन कार्य 15 अप्रैल 2026 से शुरू होगा। सरकार ने सभी संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसमें खरीदी केंद्रों की स्थापना, भंडारण क्षमता, परिवहन व्यवस्था और भुगतान प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाना शामिल है। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने बताया कि बैठक में वैश्विक परिदृश्य, विशेष रूप से मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के कारण उत्पन्न परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए खाद्यान्न आपूर्ति एवं भंडारण व्यवस्था पर विशेष चर्चा की गई। समिति ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों से गेहूँ खरीदी की प्रक्रिया को सुचारु, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से संचालित किया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में इस बात पर भी जोर दिया गया कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर प्राप्त हो और भुगतान प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो। इसके लिए डिजिटल भुगतान प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने तथा निगरानी तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत तथा पशुपालन एवं डेयरी विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री लखन पटेल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# सब-स्टेशन मेंटेनेंस के लिए 36 फीट ऊँचाई का मैन लिफ्टर इन-हाउस डिज़ाइन एवं निर्माण

भोपाल (निप्र) । मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने पारेषण कार्यों में नवाचार और सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। एमपी ट्रांसको टीकमगढ़ द्वारा सब स्टेशनों में मेंटेनेंस कार्यों के लिए 36 फीट तक ऊँचाई पर काम करने में सक्षम एक मैन लिफ्टर का सफलतापूर्वक डिजाइन एवं निर्माण इन-हाउस किया गया है। यह अभिनव मैन लिफ्टर विशेष रूप से सब स्टेशनों में स्थापित ऊँचाई पर स्थित उपकरणों के सुरक्षित, कुशल और समयबद्ध रखरखाव को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इस उपकरण की सहायता से मेंटेनेंस स्टॉफ अब ऊँचे स्ट्रक्चर, इंसुलेटर, बस बार तथा अन्य महत्वपूर्ण उपकरणों तक आसानी से पहुँच सकता है।



इससे स्कैफोल्डिंग या लेडर के उपयोग की आवश्यकता काफी कम हो जाएगी, जिससे जोखिम और श्रम दोनों में उल्लेखनीय कमी आएगी। सब स्टेशन में ही उपलब्ध स्क्रैप मटेरियल और बाहर से न्यूनतम सामग्री खरीद कर इस लिफ्टर को तैयार किया गया है। बाजार में इस लिफ्टर की कीमत ढाई लाख रुपए से प्रारंभ होती है पर इसे सिर्फ 39000 रूपये में इन हाउस ही तैयार कर लिया गया। इन हाउस लिफ्टर तैयार करने में सागर के अधीक्षण अभियंता एम वाय मंसूरी, के मार्गदर्शन में टीकमगढ़ के कार्यपालन अभियंता आर. पी. कान्यकुब्ज, सहायक अभियंता जी. पी. राय का योगदान रहा। यह नवाचार कार्यस्थल की सुरक्षा को बढाने के साथ , मेंटेनेंस कार्यों की दक्षता में सुधार करेगा तथा मरम्मत के दौरान होने वाले डाउनटाइम को भी कम करेगा। स्थानीय स्तर पर डिज़ाइन कर तैयार किया गया यह मैन लिफ्टर एमपी ट्रांसको की इन-हाउस नवाचार क्षमता का उदाहरण है।

# नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने अपनी बात रखते हुए छात्र संघ चुनाव कराने की मांग रखी

## मप्र विधानसभा में आयोजित तीन राज्यों के युवा विधायकों के सम्मेलन में नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि नेतृत्व की शुरुआत कॉलेज से होती है

भोपाल (ए.)। मप्र विधानसभा में तीन राज्यों के युवा विधायकों के सम्मेलन के शुभारंभ अवसर पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने अपनी बात रखते हुए छात्र संघ चुनाव कराने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि हमारे यहां छात्र संघ चुनाव बंद हो गए। नेतृत्व की शुरुआत कॉलेज से होती है। कॉलेज के समय युवाओं के अंदर आग होती है सिस्टम से लडने् की। वहां से शुरुआत होती है सोचविचार की और सिस्टम से लडने् की। लोकतंत्र की जड़ें तभी मजबूत होंगी, जब इस देश में डेमोक्रेसी मजबूत रहेगी।

सिंघार ने कहा- नेतृत्व किसी पद से नहीं आता। नेतृत्व की शुरुआत कॉलेज से होती है। हमारे यहां छात्र संघ चुनाव बंद हो गए। कॉलेज के समय युवाओं के अंदर आग होती है सिस्टम से लडने् की। आपमें से भी कई लोग कॉलेज की राजनीति से निकले हुए होंगे। वहां से शुरुआत होती है सोचविचार की और सिस्टम से लडने् की। मैं यह बात इसलिए कह रहा हूं क्योंकि आप लोग युवा हैं। बदलाव चाहते हैं। आपकी अलग सोच है। अपनी भागीदारी लोकतंत्र में चाहते हैं। आप सब अपने क्षेत्र का विकास चाहते हैं, प्रदेश का विकास चाहते हैं। लोकतंत्र की जड़ें तभी मजबूत होंगी,



जब इस देश में डेमोक्रेसी मजबूत रहेगी। देश में 95 करोड़ लोग इंटरनेट से जुड़े हुए हैं। एआई और डाटा साइंस की बातें हो रही हैं। डिजिटल युग में इसका उपयोग करते वक्त हमें ध्यान रखने की जरूरत है। चुनाव जीतना कोई कला नहीं है। आप सिर्फ दिल से संबंध बनाओ, जनता के काम करेंगे तो आप कभी चुनाव नहीं हारेंगे।

पार्टी के हिसाब से क्षेत्र के विकास को मत देखो

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा- लोकतंत्र की व्यवस्था में हमें अधिकार है कि हम संसदीय परंपराओं के हिसाब से नियम-कानून बना सकते हैं। अगर हम अपने विधानसभा क्षेत्र में बोलेंगे कि यह नियम कानून बनाया है तो हमें वोट नहीं मिलेंगे। जनता यह देखती है कि विधानसभा में आप अपने क्षेत्र की कौन सी बात उठा रहे हैं? मैं यह जानता हूं कि किसी भी विधानसभा क्षेत्र में हजारों-करोड़ों के काम होते हैं। किसी की भी सरकार हो, यह संभव नहीं है कि सारे काम कर दे। महत्वपूर्ण यह है कि उन कामों में से कौन सा काम ऐसा है, जो आपके क्षेत्र को संभालता है। मजबूत करता है। हर व्यक्ति की, पार्टी कार्यकर्ताओं की आपसे अपेक्षाएं होती हैं। उनके साथ भी बैलेंस करना पड़ता है। क्षेत्र की समस्याओं का भी संतुलन बनाना है। यह बड़ी चुनौती होती है। जिस काम से क्षेत्र की जनता को अधिक से अधिक फायदा हो, उसको प्राथमिकता देनी चाहिए। हर जगह बजट की परेशानी होती है।

# प्रदेश में एलपीजी, पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक : मंत्री गोविंद सिंह राजपूत

भोपाल(ए.)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है कि भारत में कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और देश व प्रदेश की सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता के साथ कार्य कर रही हैं। इससे पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति निरंतर बनी हुई है और किसी प्रकार की रुकावट की स्थिति नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सहित पूरे देश में एलपीजी, पेट्रोल, डीजल, पीएनजी और सीएनजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। मंत्री श्री राजपूत ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पीएनजी कनेक्शन लेने का भी आग्रह किया, जिससे एलपीजी पर निर्भरता कम हो और स्वच्छ एवं सतत ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि प्रदेश के बॉटलिंग प्लांटों में घरेलू एवं कॉमर्शियल एलपीजी का पर्याप्त भंडार बनाए रखा गया है। घरेलू गैस उपभोक्ताओं द्वारा की गई बुकिंग के अनुरूप एलपीजी सिलेंडरों का निरंतर वितरण किया जा रहा है।

# ऑटो चालक ने दोराहा से गुनगा आकर चटकाया था ऑनलाइन दुकान का ताला

-पुलिस ने 24 घंटो में किया राजफाश, एक आरोपी गिरफ्तार, तीन फरार

- खेत में छिपाया था माल, इलेक्ट्रॉनिक सामान सहित ऑटो जप्त

भोपाल(ए.)। राजधानी के देहात क्षेत्र की गुनगा थाना पुलिस ने एमपी ऑनलाइन दुकान के ताले चटकाकर करीब एक लाख का माल चोरी किये जाने की घटना का 24 घंटो में पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को दबोच लिया है। पकड़े गये आरोपी ने अपने तीन साथियो के साथ ऑटो से दोराहा से गुनगा आकर वारदात को अंजाम दिया और माल को एक खेत में छिपा दिया था। चोरी गया माल सहित ऑटो को जप्त कर पुलिस उसके फरार साथियो की धरपकड़ के प्रयास कर रही है। थाना प्रभारी रिंकू सिंह द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार ग्राम मुड़ियाखेड़ा में रहने वाले फरियादी शुभम शर्मा (30) ने अपनी शिकायत में बताया की वह ग्राम दुपाड़िया में एमपी ऑनलाइन की दुकान संचालित करता है। बीती 28 मार्च की रात वह अपनी दुकान बंद कर घर चला गया था। अगले दिन जब वह दुकान पर पहुचां तो देखा की रात के समय अज्ञात चोरो ने दुकान का ताला तोड़कर कम्प्यूटर, प्रिंटर एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान सहित करीब 93 हजार का सामान चोरी कर ले भागे है। गुनगा पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला कायम कर आरोपी की तलाश शुरु की। टीम ने घटनास्थल सहित आसपास दुपाड़िया चौराहा, निपानिया टोल टैक्स आदि के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज और मुखबिरो की मदद से एक ऐसे संदिग्ध ऑटो को राडार पर लिया गया जो घटनास्थल की तरफ से गांधीनगर की ओर जाता नजर आया था। टीम ने संदेही ऑटो चालक की पहचान रामनगर कॉलोनी, दोराहा जिला सीहोर निवासी मुबीन मेवाती (23) के रुप में जुटाने के बाद घेराबंदी कर उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. श्री झा ने भोपाल में ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण



भोपाल (ए.)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. संजीव झा, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजय श्रीवास्तव सोमवार को भोपाल जिले के ईवीएम गोडाउन के त्रिमाहिक निरीक्षण में उपस्थित रहे। इस अवसर पर सीईओ म.प्र. श्री झा एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता ने भोपाल जिले में स्थित ईवीएम एवं वीवीपेट वेयर हाउस में मशीनों के सुरक्षित संधारण एवं सुरक्षा के संबंध में वेयर हाउस का ताला खोलकर निरीक्षण कर रिपोर्ट भेजने के लिए निर्देशित किया। ईवीएम वेयरहाउस का राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि के समक्ष वेयर हाउस का निरीक्षण एवं सत्यापन किया। ईवीएम गोडाउन का निरीक्षण एक अनिवार्य त्रैमासिक प्रक्रिया है, जो जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में की जाती है। इस दौरान स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी, डबल लॉक सिस्टम और मशीनों की भौतिक स्थिति की जांच की जाती है, जिसका मुख्य उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। गोदाम में सीसीटीवी कैमरों से 24×7 निगरानी, गार्डों की तैनाती और अग्निशमन उपकरणों की जांच एवं समय पर वीडियोग्राफी के बीच गोदाम का सील खोला जाता है और आंतरिक स्थिति का अवलोकन किया जाता है। भारत निर्वाचन आयोग (ECI) के नियमानुसार ईवीएम और वीवीपैट का भंडारण सुनिश्चित किया जाता है। इस दौरान अपर कलेक्टर सुमित पांडे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी भुवन गुप्ता सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सीएपीटी भोपल में अभियोजन अधिकारियों का रिफ्रेशर कोर्स का 7वां बैच प्रारम्भ

भोपाल (ए.)। राजधानी भोपाल में सीएपीटी में अभियोजन अधिकारियों का रिफ्रेशर कोर्स के 7 वें बैच का प्रारम्भ सोमवार को हुआ। इस संबध में जनसम्पर्क अधिकारी एडीपीओ मनोज त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अशोक कुमार पांडेय पूर्व अध्यक्ष लोक सेवा आयोग मौजूद रहे। अपने उद्बोधन में उन्होनें संविधान की प्रस्तावना पर अपने चिंतन को अभिव्यक्त किया और बताया कि प्रस्तावना को भारत के लोग अर्थात हम नागरिकों ने आत्मार्पित किया है। पर हम स्वतंत्रता के लिए तो चिंतित है, परंतु उस पर लगाए गए प्रतिबंधों के प्रति हमारी सतर्कता देखने को कम ही मिलती है। स्वयं के अधिकारों के प्रति सजगता के साथ साथ अन्य के अधिकारों का अतिक्रमण न हो इस पर उन्होंने जोर दिया। राज्य के दायित्व के साथ साथ नागरिकों का दायित्व भी महत्वपूर्ण है, इस पर चिंतन को आवश्यक बताया। उन्होंने संविधान को एक ऐसा फाउंटेन बताया जिससे सभी विधि एवं नागरिक अधिकार अभिसिंचित होते है।

# पुरानी नलकूप सेवाओं को बंद कर नवीन जल प्रदाय प्रणाली से जुड़ें नगरीय निकाय - प्रबंध संचालक श्री भोंडवे

### जल प्रदाय और सीवरेज परियोजनाओं की समीक्षा बैठक




भोपाल। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा प्रदेश के विभिन्न अंचलों में संचालित विकास परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए आयुक्त सह प्रबंध संचालक श्री संकेत भोंडवे ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। होटल पलाश में योजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में श्री भोंडवे ने 46 नगरों की जल प्रदाय योजनाओं और 3 नगरों की सीवरेज परियोजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का सूक्ष्म विश्लेषण किया। श्री भोंडवे ने निर्देशित किया कि जिन नगरीय निकायों में नवीन जल प्रदाय व्यवस्था सुचारू रूप से प्रारंभ हो चुकी है, वहां पुराने नलकूपों (ट्यूबवेल) को तत्काल बंद किया जाए, जिससे भू-जल का संरक्षण सुनिश्चित हो सके। प्रबंध संचालक श्री भोंडवे ने स्मार्ट मीटरिंग और पर्यावरण संरक्षण पर आधुनिक तकनीक के समावेश पर कहा कि जल प्रबंधन में पारदर्शिता लाने के लिए लगाए जा रहे जल मीटरों में न्यूनतम 5 प्रतिशत स्मार्ट मीटर स्थापित करना अनिवार्य होगा।

## लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस जेल परिसर स्थित सिद्धासन पर किए दर्शन-पूजन

### लोक निर्माण मंत्री ने किया संग्राम के महानायक नेताजी सुभाषचंद्र बोस की स्मृति चिह्नों का अवलोकन




जबलपुर (ए.)। प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री आज सपरिवार नेताजी सुभाष चंद्र बोस केंद्रीय जेल परिसर पहुंचकर श्रीबाबाश्री के पावन सिद्धासन पर विधि-विधान से दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान मंत्री श्री सिंह जेल परिसर स्थित गुनाह खाना भी पहुँचे, जहाँ उन्होंने माँ नर्मदा की भव्य प्रतिमा पर माल्यार्पण और आरती की और प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की मंगल कामना की। उन्होंने स्वाधीनता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाषचंद्र बोस की स्मृति चिह्नों का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि नेताजी का त्याग और संघर्ष आज भी राष्ट्रसेवा की सबसे बड़ी प्रेरणा है। मंत्री श्री सिंह के भ्रमण के दौरान जेल के बंदियों द्वारा गठित मुक्ति स्वर आर्केस्ट्रा ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। बंदियों ने जब पूरी लय और ताल के साथ कालजयी गीत मेरे देश की धरती सोना उगले... की प्रस्तुति दी, जिसे सुनकर उपस्थित जन राष्ट्रभक्ति के भाव से भर उठे। मंत्री श्री सिंह ने बंदियों के इस हुनर और उनके भीतर छिपी सकारात्मकता की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक चेतना और कला के माध्यम से सुधार लाना जेल प्रशासन का एक सराहनीय कदम है, जो व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर जेल प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## 06 दिवसीय निःशुल्क सामान्य उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

मुरैना (ए. ) । सेन्ट आरसेटी, मुरैना द्वारा संचालित ग्रामीण क्षेत्र की बेरोजगार महिलाओं को 06 दिवसीय निःशुल्क सामान्य उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका समापन गत दिवस हुआ। सभी प्रशिक्षणार्थियों को बैंक से संबंधित जानकारी दी गयी एवं स्वरोजगार स्थापित करने हेतु प्रेरित किया गया। जिससे सभी महिलाऐं प्रशिक्षण पश्चात् स्वावलम्वी बन आत्मनिर्भर हो सके। यह प्रशिक्षण 30 महिलाओं ने प्राप्त किया, जो ग्राम सुजानगढी, जिला मुरैना से थीं। इस अवसर पर सेंट आरसेटी के निदेशक भगवान सिंह, कार्यालय सहायक शिवमोहन सिंह भदौरिया एवं मास्टर ट्रेनर श्रीमती आराधना धाकड़ उपस्थित रहीं।

# नर्सरी निर्माण हेतु जन अभियान की नवांकुर संस्थाओं का प्रशिक्षण संपन्न

## प्रशिक्षण प्राप्त कर उत्तम कोटि की नर्सरी का निर्माण करें संस्थाएं- श्री सिसौदिया

श्योपुर (ए.)। मध्य प्रदेश जनअभियान परिषद, श्योपुर की संवाद योजना के अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं की जिला स्तरीय मासिक बैठक एवं नवांकुर संस्थाओं को रोपणी निर्माण का तकनीकी प्रशिक्षण वन विभाग की नर्सरी में आयोजित किया गया। संभागीय समन्वयक धर्मेन्द सिसौदिया ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि नंवाकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने-अपने क्षेत्र में संस्थाओं के माध्यम से नर्सरी का निर्माण कर पौध उत्पादन करें। इस अवसर पर उन्होंने संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा की तथा आगामी माह के कार्यों के प्रति मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उक्त प्रशिक्षण के दौरान नवांकुर संस्थाओं के पदाधिकारियों को बीज एवं पौधों का चयन, नर्सरी बेड बनाने का तरीका, पौलीथीन बैग भरने व बीज उपचार की विधि का प्रायोगिक अभ्यास प्रबंधन विधियों, पौधों की देखभाल आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य नवांकुर संस्थाओं की कार्यक्षमता में वृद्धि, नर्सरी प्रबंधन की तकनीकी जानकारी प्रदान करना तथा विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करना रहा।



कार्यक्रम में वन विभाग के नर्सरी प्रभारी भास्कर शर्मा द्वारा सभी प्रतिभागियों को विस्तार से पौधों की क्यारी का निर्माण एवं बीजों का संरक्षण तथा उन्हें लगाकर पौधे बनाना तथा पौधों का रखरखाव के विषय में विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

जिला समन्वयक श्रीमती नेहा सिंह द्वारा विगत माह में किए गए कार्यों के विषय में जानकारी प्रदान की गई तथा आगे की कार्य योजना से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में जिले की मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से संबद्ध सभी नव अंकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन नितेश शर्मा द्वारा किया गया।

## पीएमश्री विद्यालयों में प्रवेश 01 अप्रैल से

श्योपुर (ए.)। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित पीएमश्री विद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया 01 अप्रैल से शुरू हो रही है। उल्लेखनीय है कि माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-02 श्योपुर, हाईस्कूल बडौदाराम, हाईस्कूल गोहेडा, श्यामपुर, सेसईपुरा हायर सैकेण्डरी स्कूल, हाईस्कूल बुखारी एवं गर्ल्स स्कूल श्योपुर पीएमश्री विद्यालयों में शामिल है। इन विद्यालयो में प्रवेश की प्रक्रिया 01 अप्रैल से शुरू होगी। इच्छुक विद्यार्थी इन विद्यालयों में कक्षा नर्सरी से 10 एवं कक्षा 12 तक की कक्षाओं में सीट उपलब्धता के आधार पर प्रवेश प्राप्त कर सकते है।

## झूला झूलती नाबालिग बालिका को लगा फंदा, मौत

इन्दौर (ए.) आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली एक नाबालिग छात्रा संदिग्धावस्था में अपने घर में फांसी के फंदे पर मिली। परिजनों के अनुसार वह झूला झूल रही थी शायद इस दौरान ही उसके गले में फंदा लगा और उसकी मौत हो गई। मामला चंदन नगर थाना क्षेत्र का है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम हेतु भिजवा कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतक नाबालिग बालिका का नाम मनीषा उर्फ माही कुशवाह निवासी संयोग नगर है। पुलिस को पूछताछ में परिजनों ने बताया कि मनीषा घर में साड़ी का झूला बनाकर झूल रही थी इस दौरान गले में साड़ी का फंदा कसा गया होगा, जिससे उसकी मौत हुई होगी। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। जिसके चलते पुलिस भी परिजनों के अनुसार इसे एक हादसा मान रही है हालांकि पुलिस अन्य एंगल से भी जांच कर रही है।

## घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पर सख्ती, चार प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई



गुना (ए.)। घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और व्यावसायिक दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त अभियान शुरू किया है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार चलाए जा रहे इस अभियान के तहत सोमवार को शहर के कई प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की गई। जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पांडेय के निर्देशन में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आशीष चतुर्वेदी की टीम ने महावीर स्वीट्स (नई सड़क), श्री राम चाट भंडार, गोलू ग्वाल (ख्यावदा चौराहा) और पीताम्बरा कचौड़ी (तेलघानी) पर छापामार कार्रवाई की। जांच के दौरान इन प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाया गया। संबंधित संचालक वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके, जिसके चलते चार घरेलू गैस सिलेंडर जब्त कर प्रकरण दर्ज किए गए। इन सभी के विरुद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 के तहत कार्रवाई की गई है, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। जांच दल ने इसके अलावा केवलचंद अशोककुमार (सदर बाजार), प्रभुलाल हलवाई (सोलत गली), विपुल बेकरी (नयापुरा), विजय हलवाई (गल्लामंडी) और खाटू श्याम चाट भंडार (टेकरी मंदिर) की भी जांच की। इन प्रतिष्ठानों पर भोजन बनाने के लिए डीजल भट्टी, कोयला भट्टी और इंडक्शन का उपयोग किया जाता पाया गया। प्रशासन द्वारा शहर के होटल और हलवाई प्रतिष्ठानों की लगातार सघन जांच की जा रही है। साथ ही संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे घरेलू गैस के बजाय इंडक्शन और डीजल भट्टियों का अधिक उपयोग करें तथा जहां पाइपलाइन उपलब्ध है, वहां PNG कनेक्शन लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया है।

## रोटरी क्लब की शहर को बड़ी सौगात, डायलिसिस सेंटर का किया उद्घाटन



बुरहानपुर (ए.)। रोटरी क्लब द्वारा एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के माननीय डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा एवं फर्स्ट लेडी श्रीमती रूबी मल्होत्रा की आधिकारिक यात्रा संपन्न हुई। कार्यक्रम में क्लब के वरिष्ठ रोटेरियन्स, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स, एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे जिसमें डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने क्लब की गतिविधियों, प्रोजेक्ट्स एवं कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए सदस्यों को मार्गदर्शन एवं प्रेरणा प्रदान की। तथा विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इसके पश्चात गरकल हॉस्पिटल में एक मर्चुरी बॉक्स का लोकार्पण किया गया, जो सत्यनारायण तापड़िया द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में दान को गयी साथ ही एक बायपेप मशीन भी विभिन्न दानदाताओं के सहयोग से भेंट की गई। शाम को ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल में रोटरी क्लब द्वारा स्थापित 6 डायलिसिस मशीनों का विधिवत उद्घाटन किया गया।

## व्यापार समाचार

# आरबीआई की नई पहल से रुपए में मजबूती, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 1 प्रतिशत बढ़कर खुला




नई दिल्ली (ए.)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की नई पहल के बाद सोमवार को भारतीय रुपया डॉलर के मुकाबले करीब 1.3 प्रतिशत मजबूत होकर 93.59 पर खुला।

दरअसल, आरबीआई ने विदेशी मुद्रा बाजार में सट्टेबाजी पर लगाम लगाने के लिए बैंकों को निर्देश दिया है कि वे रुपए में अपनी ओपन पोजिशन को 100 मिलियन डॉलर तक सीमित रखें, जिसका मकसद रुपए में गिरावट को रोकना है।

केंद्रीय बैंक ने अधिकृत डीलर बैंकों से कहा है कि वे दिन के अंत तक अपनी ऑनशोर पोजिशन 100 मिलियन डॉलर तक ही रखें। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया है कि सभी कमर्शियल बैंक 10 अप्रैल तक इस नियम को लागू कर दें। बाजार की स्थिति के अनुसार आरबीआई आगे चलकर अलग-अलग सीमाएं भी तय कर सकता है।

अनुमान के मुताबिक, इस तरह की ओपन पोजिशन का आकार 25 अरब डॉलर से लेकर 50 अरब डॉलर से ज्यादा तक है।

मार्च में वैश्विक तनाव के कारण रुपया 4 प्रतिशत से ज्यादा कमजोर हुआ था। पिछले शुक्रवार को यह करीब 1 प्रतिशत गिरकर 94.8125 तक पहुंच गया था और 94.84 के स्तर को छू लिया था।

विश्लेषकों का कहना है कि कच्चे तेल की लगातार ऊंची कीमतें रुपए और पूरी अर्थव्यवस्था पर दबाव बना रही हैं। पश्चिम एशिया में जारी तनाव अब पांचवें हफ्ते में पहुंच चुका है और इसमें और बढ़ोतरी के संकेत मिल रहे हैं।

उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ने, हूती विद्रोहियों के शामिल होने और अमेरिका द्वारा अतिरिक्त सैनिक भेजने के कारण ब्रेंट क्रूड की कीमत फिर बढ़कर करीब 116 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है।

विशेषज्ञों का मानना है कि पहले भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में थी, जहां तेज ग्रोथ, कम महंगाई और स्थिर घाटा था, लेकिन अब स्थिति कमजोर हुई है। अब आने वाले समय में जीडीपी ग्रोथ कम होने, महंगाई बढ़ने और राजकोषीय व चालू खाता घाटा बढ़ने की आशंका है।

हालांकि, बाजार ने इन जोखिमों को काफी हद तक पहले ही ध्यान में रख लिया है। निफ्टी का पी/ई रेशियो करीब 19.9 गुना पर आ गया है, जो फिलहाल ठीक माना जा रहा है, लेकिन अभी सस्ता नहीं कहा जा सकता।

विश्लेषकों के अनुसार, आरबीआई का यह कदम रुपए को नजदीकी समय में सपोर्ट दे सकता है। डॉलर की बड़ी पोजिशन कम होने से रुपया मजबूत हो सकता है।

फिलहाल डॉलर की मांग और तेल से जुड़ी महंगाई के खतरे रुपए पर दबाव बनाए हुए हैं। जब तक कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट नहीं आती, तब तक रुपए में कमजोरी बनी रह सकती है।

इस बीच, ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स 3.66 प्रतिशत तक बढ़कर 116.70 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया, जबकि अमेरिकी डब्ल्यूटीआई क्रूड 3.75 प्रतिशत बढ़कर 103.38 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार करता दिखा।

### 12 टन KITKAT से भरा पूरा ट्रक रास्ते में अचानक हुआ गायब, ईस्टर से पहले बाजार में मचा हड़कंप

नई दिल्ली(ए.) । स्विट्जरलैंड की दिग्गज फूड और बेवरेज कंपनी नेस्ले (NestlØ) के साथ एक बेहद हैरान करने वाली घटना घटी है। कंपनी की सबसे ज्यादा बिकने वाली और लोकप्रिय चॉकलेट किटकैट (KitKat) की एक बहुत बड़ी खेप यूरोप में रहस्यमयी तरीके से चोरी हो गई है। इस भारी-भरकम चोरी के बाद ईस्टर जैसे बड़े त्योहार से ठीक पहले बाजार में किटकैट की भारी किल्लत होने की आशंका गहरा गई है, जिससे ग्राहकों के साथ-साथ कंपनी की भी रातों की नींद उड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, करीब 4,13,793 किटकैट चॉकलेट यूनिट्स से लदा हुआ एक पूरा ट्रक पारगमन (ट्रांजिट) के दौरान ही गायब हो गया है। इस विशाल खेप का कुल वजन लगभग 12 टन बताया जा रहा है। यह ट्रक इटली के मध्य इलाके में स्थित प्रोडक्शन यूनिट से निकलकर पोलैंड के डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर की ओर जा रहा था। इस खेप को रास्ते में कई यूरोपीय देशों में सप्लाई किया जाना था, लेकिन मंजिल पर पहुंचने से पहले ही ट्रक हवा में गायब हो गया। कंपनी ने अभी तक उस सटीक जगह का खुलासा नहीं किया है जहां से ट्रक लापता हुआ है, और पुलिस के हाथ भी अब तक इसका कोई सुराग नहीं लग पाया है।

## एनसीएलएटी ने बीएसई की डीमैट खातों को डीफ्रीज करने की याचिका खारिज की

नई दिल्ली(ए.) राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) ने बीएसई द्वारा दायर अपीलों को खारिज करते हुए कहा कि दिवालियापन अदालतों के पास दिवालियापन की कार्यवाही से गुजर रही कंपनियों के डीमैट खातों को डीफ्रीज करने के आदेश देने का अधिकार है।

अपने आदेश में, एनसीएलएटी की दो सदस्यीय पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) को दिवालियापन और दिवालियापन संहिता (आईबीसी) की धारा 60(5) के तहत ऐसे मामलों की सुनवाई करने और आवश्यक निर्देश पारित करने का स्पष्ट अधिकार है।

इसमें आगे कहा गया कि एनसीएलटी द्वारा पहले पारित आदेश वैध थे और उसकी कानूनी शक्तियों के दायरे में थे।

यह मामला फ्यूचर कॉर्पोरेट रिसोर्सेज और लिज ट्रेडर्स एंड एजेंट्स नामक दो कंपनियों से संबंधित है, जिनके डीमैट खाते बीएसई द्वारा लिस्टिंग शुल्क और अन्य नियामक बकाया का भुगतान न करने के कारण फ्रीज कर दिए गए थे।

साथ ही, खाते फ्रीज होने की एक वजह लिस्टिंग नियमों सहित अन्य नियमों का पालन न करना भी था।

इन कंपनियों के मामलों को संभालने वाले रिसॉल्यूशन पेशेवर और लिक्विडेटर ने एनसीएलटी से खातों को डीफ्रीज करने की मांग की थी ताकि दिवालियापन प्रक्रिया के दौरान शेयरों की बिक्री से धन की वसूली की जा सके।

एनसीएलटी की मुंबई बेंच ने इससे पहले 2024 और 2025 में पारित अलग-अलग आदेशों में बीएसई को फ्रीज हटाने का निर्देश दिया था।

बीएसई ने एनसीएलटी के समक्ष इन निर्देशों को चुनौती दी और तर्क दिया कि प्रतिभूति कानूनों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा बनाए गए विनियमों के अंतर्गत आने वाले मामले एनसीएलटी के अधिकार क्षेत्र में नहीं है। हालांकि, एनसीएलएटी ने इस तर्क को खारिज कर दिया।

## बस एक छोटी सी गलती और रुक जाएंगे बैंक के सारे काम, 1 अप्रैल से पहले फटाफट निपटा लें ये काम

नई दिल्ली (ए.)। अगर आप भी पैन कार्ड का इस्तेमाल करते हैं, तो 1 अप्रैल से होने वाला एक बड़ा बदलाव आपकी रातों की नींद उड़ा सकता है। सरकार ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि अगर आपने समय रहते अपने पैन और आधार कार्ड की डिटेल्स को क्रॉस-




चेक नहीं किया, तो आपका पैन कार्ड 'इनऑपरेटिव' यानी पूरी तरह से बेकार हो जाएगा। इसका सीधा मतलब यह है कि पैन कार्ड जेब में होने के बावजूद आप बैंकिंग से लेकर आईटीआर (ITR) फाइलिंग तक का कोई भी वित्तीय काम नहीं कर पाएंगे।अक्सर लोग यह सोचकर निश्चिंत हो जाते हैं कि उन्होंने अपना पैन और आधार लिंक करवा लिया है, लेकिन अब सिर्फ इतना ही काफी नहीं है। वित्तीय प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए सरकार ने नियमों को सख्त कर दिया है। अगर आपके आधार और पैन कार्ड में नाम की स्पेलिंग में जरा सा भी अंतर है, तो सिस्टम उसे सही नहीं मानेगा। महज एक छोटी सी स्पेलिंग मिस्टेक भी आपके पैन कार्ड को अस्थायी रूप से ब्लॉक करवा सकती है, जिसके बाद आपको भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अगर आपने 1 अप्रैल से पहले नाम की यह गलती ठीक नहीं की, तो आपको रोजमर्रा के कई जरूरी कामों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। पैन कार्ड इनऑपरेटिव होने का मतलब है कि आप अपना इनकम टैक्स रिटर्न फाइल नहीं कर पाएंगे।

## सोना खरीदने वालों को बड़ा झटका, बाजार खुलते ही 1.46 लाख के पार पहुंची कीमत, चांदी ने भी मारी लंबी छलांग



नई दिल्ली (ए.)। भारतीय सर्राफा बाजार में सोमवार, 30 मार्च 2026 को एक बार फिर से भारी उछाल देखने को मिला है। सोने और चांदी की कीमतों में आई इस अचानक तेजी ने खरीदारों के पसीने छुड़ा दिए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 24 कैरेट वाले 10 ग्राम सोने की कीमत अब 1 लाख 46 हजार रुपये के आंकड़े को भी पार कर गई है। बीते कारोबारी दिन यानी शुक्रवार शाम को यह कीमत काफी नीचे थी, लेकिन नए हफ्ते की शुरुआत के साथ ही सोने ने नया रिकॉर्ड कायम कर दिया है। इसके साथ ही चांदी के रेट में भी भारी-भरकम बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

24 कैरेट से लेकर 22 कैरेट तक के ये हैं आज के भाव

ibjarates.com पर सोमवार सुबह जारी किए गए ताजा रेट्स के अनुसार, सोने की हर शुद्धता कैटेगरी में बड़ा उछाल आया है। 995 शुद्धता वाले यानी 23 कैरेट सोने का रेट बढ़कर 1,45,631 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। वहीं, आभूषण बनाने के लिए सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाले 916 शुद्धता यानी 22 कैरेट गोल्ड का भाव भी छलांग लगाकर 1,33,935 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गया है। बाजार खुलते ही इन कीमतों में आई तेजी से निवेशकों और आम खरीदारों दोनों में हलचल मच गई है।

एक ही झटके में 3 हजार रुपये तक महंगा हुआ सोना

शुक्रवार शाम के मुकाबले सोमवार सुबह के रेट्स की तुलना करें तो सोने की कीमतों में आग लगी हुई है। 999 शुद्धता वाला 24 कैरेट सोना सीधे 3,275 रुपये महंगा होकर 1,46,217 रुपये पर पहुंच गया है। इसी तरह 23 कैरेट सोना 3,261 रुपये की तेजी के साथ खुला है।

## ईरान युद्ध के बीच सरकार ने केरोसिन की आपूर्ति में तेजी लाने के लिए नियमों में दी ढील

नई दिल्ली(ए.) ईरान युद्ध के कारण रसोई गैस (एलपीजी) की आपूर्ति में आई बाधाओं के बीच सरकार ने रविवार को केरोसिन की तेज आपूर्ति के लिए पेट्रोलियम सुरक्षा और लाइसेंसिंग नियमों में ढील दी है। यह कदम घरों तक केरोसिन की उपलब्धता जल्दी और आसान बनाने के लिए उठाया गया है, ताकि खाना पकाने के ईंधन की कमी से राहत मिल सके।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक अधिसूचना में बताया कि नए कदमों से 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में घरों तक केरोसिन की आपूर्ति आसान और तेज हो सकेगी, ताकि लोग खाना पकाने और रोशनी के लिए इसका उपयोग कर सकें।सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों जैसे इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के चुनिंदा पेट्रोल पंपों को केरोसिन स्टोर करने और घरों को बेचने की अनुमति दी है।हर चयनित पेट्रोल पंप पर अधिकतम 5,000 लीटर केरोसिन रखा जा सकेगा और हर जिले में ऐसे दो पंप तय किए जा सकते हैं।यह व्यवस्था दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और गुजरात सहित 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू की गई है, खासकर उन इलाकों में जहां पहले केरोसिन-फ्री स्थिति थी।सरकार ने स्पष्ट किया कि यह अस्थायी व्यवस्था 60 दिनों के लिए लागू रहेगी, ताकि तुरंत ईंधन की कमी को दूर किया जा सके। पेट्रोल पंपों के अलावा, राशन दुकानों के जरिए भी केरोसिन वितरित किया जाएगा और राज्यों से ग्रामीण क्षेत्रों को प्राथमिकता देने को कहा गया है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## निर्वाचन आयोग के सामने चुनौती

पश्चिम बंगाल में जिन अर्जियों पर अगले 18 दिन में फैसला नहीं हो पाएगा, उनसे संबंधित मतदाताओं के अधिकार की उपेक्षा करते हुए चुनाव कराना किस लिहाज से उचित माना जाएगा? एक भी नागरिक के मताधिकार का हनन अवांछित है। पश्चिम बंगाल में 60 लाख व्यक्तियों के मताधिकार पर अंतिम निर्णय हुए बिना निर्वाचन आयोग ने राज्य विधानसभा के चुनाव कार्यक्रम का एलान कर दिया है। ये वो लोग हैं, मतदाता सूची में जिनके नाम पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान विवाद खड़ा हुआ। उनसे संबंधित अर्जियां विचाराधीन हैं, जिन्हें निपटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर न्यायिक अधिकारियों की सहायता ली जा रही है। लेकिन ये काम इतना पेचीदा है कि इस बारे में फैसले की रफ्तार धीमी बनी हुई है। इस बीच घोषित कार्यक्रम के मुताबिक छह अप्रैल को परचा भरने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।मुद्दा है कि जिन अर्जियों पर अगले 18 दिन में फैसला नहीं हो पाएगा, उनसे संबंधित मतदाताओं के अधिकार की उपेक्षा करते हुए चुनाव कराना किस लिहाज से उचित माना जाएगा? कहा जाता है कि लोकतंत्र में प्रत्येक मत महत्त्वपूर्ण है। वोट हर नागरिक का मूलभूत अधिकार है। एक भी नागरिक के इस अधिकार का हनन लोकतंत्र की मूलभूत भावना पर प्रहार होगा। ऐसा हुआ, तो उसके लिए सीधे तौर पर निर्वाचन आयोग को दोषी माना जाएगा, जिसने जल्दबाजी में एसआईआर कराने का फैसला किया। साथ ही ये प्रक्रिया निर्विवाद ढंग से हो तथा संदेह से परे रहे, इसका इंतजाम करने में वह विफल रहा। रविवार को आयोग ने पश्चिम बंगाल के अलावा असम, तमिलनाडु, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित किए। इनमें अच्छी बात तो यह है कि इस बार टुकड़ों-टुकड़ों में मतदान कराने की परिपाटी छोड़ दी गई है। पश्चिम बंगाल में दो चरणों में और बाकी राज्यों में एक चरण में मतदान होगा। मगर असम, केरल और पुडुचेरी में नौ अप्रैल को मतदान के बाद मतगणना के लिए 25 दिन के इंतजार की अवांछित स्थिति बनेगी। हाल में ऐसी परिस्थितियों से संदेह का माहौल बनता रहा है। अत: बेहतर होता कि हर राज्य में मतदान और मतगणना में न्यूनतम संभव अंतर रखा जाता। बहरहाल, अब आयोग के सामने चुनौती चुनाव प्रक्रिया को तमाम संदेहों और सवालों से परे रखने की है। ऐसा वह सभी पक्षों के प्रति समान नजरिये का परिचय देकर कर सकता है।

# ईरान बनाम अमेरिकाः ट्रंप का नया पैंतरा, अराघाची व गालिबफ को अभयदान

**डॉ. सुधीर सक्सेना**

इस्त्रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के उकसावे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी खब्त में आकर मध्यपूर्व में जंग के शिकंजे में अपने पाँव बुरी तरह फँसा लिये हैं। संप्रति अमेरिका की हालत निगलत-उगलत पीर घनेरी मार्का हो गयी है। 28 मार्च को युद्ध छिड़े पूरा एक माह बीत गया, लेकिन उसका एक भी इरादा पूरा होना तो दूर रहा, उलटे उसकी भद्द पिटने का दौर जारी है। साँप-छछूंदर गति के वशीभूत लगातार रंग बदलते ट्रंप ने ईरान के दो शीर्ष नेताओं-विदेश मंत्री अराघाची और स्पीकर गालिबफ को अभयदान देने का ऐलान किया है। उनका कहना है कि ये दोनों नेता अब इस्त्रायल की हिटलिस्ट में नहीं है और इस्त्रायल खामेनेई और लारीजानी की भांति उन्हें मारने के लिये एयर स्ट्राइक नहीं करेगा। मजेदार बात यह है कि उन्होंने यह कदम अमेरिका और ईरान के मध्य मध्यस्थता कर रहे आतंकवादी राष्ट्र पाकिस्तान के फौजी शासक असीम मुनीर की गुजारिश पर उठाया है। मुनीर का तर्क है कि यदि उक्त दोनों शीर्ष ईरानी नेता जीवित नहीं रहे, तो अमेरिका वार्ता किससे करेगा? गौरलतब अयातुल्लाह खामेनेई के उत्तराधिकारी मोज्तबा खामेनेई को आहत अवस्था में तेहरान से निकालने में रूस सफल रहा है और उनका इन दिनों मस्क्वा में उपचार हो रहा है। अमेरिका के लिए परेशानी का एक और सबब यह भी है कि वह ईरान में इस्लामी हुकूमत को अपदस्थ कर अपनी कठपुतली सरकार बिठाने में विफल रहा है। उलटे इस्लामी हुकूमत के पीछे अवाम के एकजुट होने से उसके पाये और मजबूत हुये हैं। यह भी साफ हो गया है कि आर्यमेहर रजा शाह पहलवी के बेटे को निर्वासन से वापसी और राज्याभिषेक में ईरानी अवाम की कोई रूचि नहीं है।

अराघाची और गालिबफ को अभयदान को राष्ट्रपति ट्रंप के नये पैंतरे के तौर पर देखा जा रहा है। इसके जरिये वह अपनी जंगजू इमेज को सदाशयी मोड में लाना चाहते हैं तथा बरसों से पाबंदियों और जंग-दर-जंग झेल रहे ईरान में अपेक्षाकृत लिबरल लॉबी खड़ी करना चाहते हैं। पिछले एक माह में उनके नुकसानों की फेहरिश्त लंबी है। उन्हें उम्मीद थी कि ईरान-प्रसंग एक हफ्ते में निपट जायेगा। लेकिन यह उनकी खामख्याली साबित हुई। ईरान ने खूब मोर्चा लड़ाया। उसने प्रत्यक्रमण कर कतर, दुबई, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, ओमान में तो



कहर बरपाया ही, सुदूर डियागोगार्सिया तक मिसाइलें दाग कर इस्त्रायल-अमेरिका धुरीको चौंका दिया। ईरान की कार्रवाई से एक तो उक्त देशों का अमेरिका के सुरक्षा कवच पर भरोसा टूटा। दूसरे, इस्त्रायल के आयरन डोम का मिथ भी खंडित हो गया। एक और बड़ी बात यह हुई कि अमेरिका-पोषित नाटो में दरारें पड़ गयीं और इटली-स्पेन जैसे राष्ट्रों ने सहयोग के नाम पर हाथ खड़े कर दिये। नतीजतन खीझ में आकर ट्रंप ने नाटो-राष्ट्रों को कायर की संज्ञा दे डाली। ट्रंप को एक और निजी मलाल यह है क गालिबफ ने उनके दामाद किश्नर और विटकोफ से वार्ता से इंकार कर दिया और जेडी वांस से बातचीत की इच्छा व्यक्त की।

घड़ी की सुइयां तेजी से घूम रही हैं। दुनिया अभूतपूर्व ऊर्जा और ईंधन संकट की ओर बढ़ रही है। होर्मुज जलडमरूमध्य ईरान के कब्जे और निगरानी में है। ईरान वहां फौरी कार्रवाई कर वैश्विक संचार प्रणाली को तहस-नहस कर सकता है। खर्ग द्वीप पर अमेरिकी कार्रवाई यकीनन जबर्दस्त जवाबी कार्रवाई को न्यौता देगी। अगर्चे अमेरिका ने वहां मैरीनार और जमीनी टुकड़ियां भेजीं तो जंग बेमियादी दौर में पहुंच जायेगी और अमेरिका को वियेतनाम और अफगानिस्तान जैसी विषम और प्रतिकूल परिस्थितियों से दो-चार होना पड़ेगा। सुलह के लिये अनाक्रमण संधि और हर्जाने पर अड़े ईरान ने यदि छंकाने के लिये हमस हिजबुल्लाह और हूती जैसे संगठनों को छू कर दिया तो इस्त्रायल के लिये मोर्चा संभालना मुश्किल होगा। इस्त्रायल के रक्षा मंत्री यूं भी सेना में मानव संसाधनों की कमी का रोना रोते देखे गये हैं।

## (चिंतन-मनन) दूर करें अध्यात्म विद्या का अभाव

अध्यात्म विद्या के विषय में अधिकांश भौतिक विद्वान शिक्षा को ही विद्या मान बैठते हैं। वे विद्या और शिक्षा के अंतर को भी समझने में असमर्थ हैं जबकि विद्या और शिक्षा में धरती और आसमान का अंतर है। इस विषय को स्पष्ट करते हुए महात्मा परमचेतनानंद ने अपने प्रवचन में कहा कि शिक्षा शब्द शिक्ष धातु से बना है जिसका अर्थ है सीखना। भौतिक शिक्षा अनुकरण के द्वारा सीखी जाती है जिसका संबंध ज्ञानेन्द्रियों, कर्मेंद्रियों व मन बुद्धि तक सीमित है। इसके अतिरिक्त विद्या शब्द विद् धातु से बना है जिसका अर्थ है जानना अर्थात् वास्तविक ज्ञान।

यह ज्ञान स्वयं अंदर से प्रकट होता है, इसे ही अध्यात्म ज्ञान कहा जाता है। इसे आत्मा की गहराई में पहुंचने पर ही जाना जाता है। शिक्षा के विद्वान अहंकार से ग्रसित होते हैं, उनमें विनम्रता का अभाव होता है जबकि विद्या का प्रथम गुण विनम्रता है। विद्या वास्तव में मानव की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। इस अध्यात्म विद्या से मानव निष्काम कर्म योगी बनता है जो सभी को समान भाव से देखता है। पहले निष्काम कर्म योगी को ही प्रजा अपना राजा चुनती थी। वे अपने पुत्र तथा अन्य प्रजा के साथ समान रूप से न्याय करते थे। आज के असमय में अध्यात्म विद्या का अभाव होने के कारण राजा और प्रजा दोनों ही अशांत हैं फिर भी इसे ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जबकि अध्यात्म विद्या के वेत्ता तत्वदर्शी संत आज भी मौजूद हैं।

# 'केरल की तर्ज' पर मध्यप्रदेश बनेगा वेलनेस मेडिकल टूरिज्म हब

**नीलिमा तिवारी**

मध्यप्रदेश अब केवल अपने समृद्ध ऐतिहासिक, धार्मिक और प्राकृतिक पर्यटन स्थलों के लिए ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य और वेलनेस टूरिज्म के नए केंद्र के रूप में भी पहचान बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। पर्यटन विभाग द्वारा राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर 'केरल थीम' आधारित वेलनेस मेडिकल टूरिज्म सेंटर विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना बनाई गई है। इस योजना के तहत करीब 105 करोड़ रुपए की लागत से एक दर्जन से अधिक स्थानों पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त वेलनेस सेंटर स्थापित किए जाएंगे। यह पहल न केवल राज्य के पर्यटन को नया आयाम देगी, बल्कि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को एक ही स्थान पर आध्यात्मिक शांति, प्राकृतिक सौंदर्य और स्वास्थ्य लाभ का अनूठा अनुभव भी प्रदान करेगी। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड की इस योजना का मूल उद्देश्य यह है कि राज्य में आने वाले पर्यटक केवल दर्शनीय स्थलों का भ्रमण ही न करें, बल्कि यहां आकर अपने स्वास्थ्य को भी बेहतर बना सकें। यही वजह है कि इन वेलनेस सेंटरों को केरल के प्रसिद्ध आयुर्वेदिक रिसॉर्ट्स की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है, जहां पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से संपूर्ण स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा मिलती है। इन केंद्रों पर पंचकर्म, आयुर्वेदिक उपचार, योग, ध्यान और प्राकृतिक चिकित्सा जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही, यहां आने वाले लोगों को शांत वातावरण, हरियाली और आध्यात्मिक माहौल के बीच मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ होने का अवसर मिलेगा। इन मेडिकल वेलनेस सेंटरों के लिए पर्यटन विभाग द्वारा जिन प्रमुख स्थानों का चयन किया गया है, उनमें धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक पर्यटन स्थलों का संतुलित समावेश किया गया है।

इनमें प्रमुख हैं —

खजुराहो, उज्जैन, इन दो प्रमुख स्थलों पर 15-15 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक वेलनेस सेंटर विकसित किए जाएंगे। इसके अलावा जिन अन्य स्थानों पर लगभग 7.5-7.5 करोड़ रुपए की लागत से सेंटर बनाए जाएंगे, उनमें शामिल हैं —ओंकारेश्वर,चित्रकूट, नलखेड़ा, चंदेरी, दतिया, सिंगरौली, पचमढ़ी, ओरछा और मंदसौर।

इन सभी स्थानों का चयन उनके धार्मिक महत्व, पर्यटक आवागमन और प्राकृतिक वातावरण को ध्यान में रखते हुए किया गया है। केरल लंबे समय से आयुर्वेदिक चिकित्सा और वेलनेस टूरिज्म के लिए विश्व स्तर पर प्रसिद्ध रहा है। वहीं से प्रेरणा लेते हुए मध्यप्रदेश में बनने वाले इन सेंटरों को भी उसी तर्ज पर डिजाइन किया जाएगा। इन केंद्रों पर उपलब्ध प्रमुख सुविधाएं उपलब्ध होगी उनमें पंचकर्म चिकित्सा, आयुर्वेदिक मसाज और थेरेपी योग एवं ध्यान सत्र प्राकृतिक चिकित्सा (नेचुरोपैथी) डिटॉक्स प्रोग्राम हर्बल उपचार साथ ही, यहां रहने के लिए किफायती लेकिन आरामदायक आवास की व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे हर वर्ग के लोग इन सुविधाओं का लाभ उठा सकें। मध्यप्रदेश के कई प्रमुख स्थल पहले से ही धार्मिक पर्यटन के केंद्र हैं। जैसे उज्जैन में महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं, वहीं ओंकारेश्वर भी एक प्रमुख ज्योतिर्लिंग स्थल है। इसी तरह चित्रकूट, ओरछा और दतिया जैसे स्थान भी धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र हैं। अब इन स्थानों पर वेलनेस सेंटर बनने से श्रद्धालु न केवल दर्शन कर सकेंगे, बल्कि मानसिक शांति और शारीरिक स्वास्थ्य का लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे। पचमढ़ी जैसे हिल स्टेशन और चंदेरी जैसे शांत ऐतिहासिक शहर वेलनेस टूरिज्म के लिए आदर्श माने जाते हैं। यहां का स्वच्छ वातावरण, हरियाली और शांत माहौल स्वास्थ्य सुधार के लिए बेहद अनुकूल है। इन्हीं विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए इन स्थानों पर वेलनेस सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि पर्यटक प्रकृति के बीच रहकर उपचार का लाभ उठा सकें। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड इस परियोजना को लेकर पूरी तरह सक्रिय है और जल्द ही इन सेंटरों के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, यह परियोजना चरणबद्ध तरीके से पूरी की जाएगी ताकि गुणवत्ता और समयबद्धता दोनों सुनिश्चित की जा सके। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड के प्रबंध निदेशक टी. इलैया राजा के अनुसार, राज्य में आने वाले पर्यटकों को अब केवल पर्यटन स्थलों का अनुभव ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य लाभ का अवसर भी मिलेगा। यह पहल मध्यप्रदेश को वेलनेस टूरिज्म के वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करेगी।


## ईरान अमेरिका युद्ध से राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप मुश्किलों से घिरे, यूएस कांग्रेस में आ सकता है नॉनकॉनफिडेंस मोशन

**अजय दीक्षित**

28 फरवरी को जब युद्ध शुरू हुआ था तब किसी ने सोचा भी नहीं था कि ईरान इस स्तर का रिटेलियट करेगा । लेकिन युद्ध एक महीने बाद भी चल रहा है। इजरायल के कहने पर शुरू हुए इस युद्ध ने पूरी दुनिया को विशेषकर मध्य पूर्व, दक्षिण एशिया को ऊर्जा जरूरतों की दृष्टि से संकट में डाल दिया है। यदिप ईरान भी बुरी तरह नष्ट हो रहा है। लेकिन यूएई, कुवैत, कतर, बहरीन, सऊदी अरब आदि देशों में भी यूएस बेस पर तथा शहरी आवादी, एरोड्रम पर बहुत नुक्सान हुआ है। लेकिन अब डॉनल्ड ट्रंप अपने घर पर राजनीत में उलझ गए हैं। डेमोक्रेटिक पूरे मामले को कांग्रेस में करना चाहते हैं और रिचर्ड निक्सन जैसा करना चाहते हैं क्योंकि वाटरगेट कांड 1972 के बाद उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था।उप राष्टपति जेडी वेंस, तुलसी गैबार्ड,सहित ट्रंप के साथी अब इस युद्ध के खिलाफ है। तुलसी गैबार्ड ने कहा है कि 17 लाख करोड़ रुपए अब तक युद्ध में खर्च हो चुके हैं और पेंटागन 200 बिलियन डॉलर की मांग कर रहा है। तुलसी गैबार्ड अमेरकन सरकार की इंटेलीजेंस प्रमुख है।दूसरी ओर ईरान ने पूरी दुनिया का 20 परसेंट तेल टैंकरों को हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र में रोक दिया है। केवल चाइना, भारत,के तेल टैंकरों, गैस टैंकरों को हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र से गुजरने की परमीशन है।

डॉनल्ड ट्रंप बार बार अपील कर रहे है कि नाटो देश अपनी समुद्री जहाज,सेना हॉर्मूज समुद्री क्षेत्र को खुलवाने में मदद करे लेकिन इटली फ्रांस, जर्मनी,स्पेन, ब्रिटिश ने साफ इनकार कर दिया है।स्पेन ने तो युद्ध को पाप बताया है।

इजरायल मौके का फायदा उठा कर ईरान के प्रॉक्सी ग्रुप हिज्बुल्लाह,हमास, बेरुत,लेबनान पर हमला कर खासा नुक़सान पहुंचा दिया है।रूस और चाइना ईरान को मदद कर रहे हैं। ईरान ने अब तक मिसाइल वह भी बहुतायत में इजरायल और यूएस बेस पर हमला कर पूरे विश्व के देशों को चौंका दिया है।आज से 4 दिन पूर्व अमेरिका ने पाकिस्तान,तुर्की के माध्यम से 15 विंदु वाली शर्त रखी कि ईरान समर्पण करदे मगर ईरान ने सब शर्तो की बात छोड़ो अपनी तीन शर्ते रखी दी और कहा कि युद्ध में नुक्सान का खर्चा अमेरिका दे, परमाणु हथियारों का कार्यक्रम जारी रखा जाएगा ।अब तो ईरान अड़ गया है और डॉनल्ड ट्रंप युद्ध से सम्मानजनक एग्जिट चाहते हैं इसी लिए उन्होंने अपनी समय सीमा 6 अप्रैल तक बड़ा दी है।




मेष राशि: मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए नई खुशियां लेकर आने वाला है। आज विद्यार्थियों को कुछ नया क्रिएटिव करने का मौका मिलेगा। आज के दिन अपने व्यक्तित्व और स्वभाव में लाया गया परिवर्तन आने वाले कल के लिए बेहतरीन रहेगा। जिस काम का आपको लंबे समय से इंतजार था वो आज पूरे हो जाएगा।

वृष राशि: वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। सामाजिक तथा पारिवारिक लोगों की तरफ से विशेष मान-सम्मान मिलेगा। यह समय रुकी हुई पेमेंट को कलेक्ट करने तथा आर्थिक स्थितियों को मजबूत करने के लिए उत्तम है। आज नौकरी कर रहे लोगों को फोन द्वारा किसी उच्चाधिकारी से महत्वपूर्ण सूचना मिल सकती है।

मिथुन राशि:मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज का समय उपलब्धियों वाला है। आज अपनी पूरी मेहनत व ऊर्जा अपने कार्यों के प्रति लगाएंगे। आज आपको ध्यान रखना होगा कि किसी व्यवसायी के साथ लड़ाई-झगड़े जैसी स्थिति उत्पन्न न हो इसलिए अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें।

कर्क राशि: कर्क राशि वालों आज आप खुशियों से भरे दिन की शुरुआत करने वाले हैं। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ेगी। आज सामाजिक गतिविधियों में आपका योगदान होने से आपका मान-सम्मान भी बढ़ेगा। आपके व्यक्तिगत काम भी आज काफी हद तक सुचारू रूप से पूरे हो जाएंगे। आज व्यवसायिक कार्यप्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव करने की योजना बनाएंगे।

सिंह राशि: सिंह राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी अपरिचित व्यक्ति से ज्यादा घुलने-मिलने से बचने का प्रयास करें। कभी-कभी बहुत ज्यादा आत्म केंद्रित होना और ईगो की भावना रखने से आपसी संबंधों में मतभेद हो सकते हैं इसलिए आज आपको अपने स्वभाव में बदलाव करना जरूरी होगा।

कन्या राशि: कन्या राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आएगा और आपका रहन-सहन के प्रति अधिक सजग रहना दूसरों के बीच आकर्षण का केंद्र बनेगा। आज किसी अटके हुए काम को पूरा करने के लिए उचित समय है।

तुला राशि: तुला राशि वालों आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। आज आप अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए नई योजना बनाएंगे, योजना भविष्य में कारगर साबित होगी। आज स्वास्थ्य संबंधी हल्की-फुल्की परेशानी रहने की वजह से आलस और सुस्ती रह सकती है, जिसका असर आपकी कार्यप्रणाली पर पड़ सकता है।

वृश्चिक राशि: वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के छात्रों को अपने शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा साथ ही आज अपनी छिपी हुई प्रतिभा को पहचानकर उसे रचनात्मक कार्यों में लगाएंगे जिससे आपको मानसिक सुकून मिलेगा।

धनु राशि: धनु राशि वालों के लिए आज नए विचारों से भरपूर रहेगा। कला के क्षेत्र में आज आपको अपनी क्रिएटिविटी दिखाने का अवसर मिलेगा। आज किसी भी काम को सावधानीपूर्वक करें। जल्दबाजी करने से काम बिगड़ सकता है। इस राशि के बिजनेसमैन के लिए आज का दिन आर्थिक रूप से बढ़िया रहेगा, उन्हें अच्छा मुनाफा मिलने के योग बन रहे हैं। स्टूडेंट आज करियर के बारे में अपने गुरु मार्गदर्शन ले सकते हैं। बच्चों के लिए आज का दिन इंज्वाय से भरा होगा।

मकर राशि: मकर राशि वालों आज आपका दिन कुछ नए बदलाव लाने वाला है। आज नौकरी कर रहे लोगों को अपने किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने में बहुत मेहनत करनी पड़ेगी। प्राइवेट जॉब करने वाले लोग यदि जॉब स्विच करने की सोच रहे हैं तो कर सकते हैं, बढ़िया लाभ मिलने के योग हैं। आज जीवनसाथी के साथ खट्टी-मीठी नोक-झोंक हो सकती है, जिसकी वजह से आपके रिश्ते में और अधिक नजदीकियां बढ़ेंगी। आज समय का सही इस्तेमाल करेंगे और हर काम को लगन से करने की ललक रहेगी।

कुम्भ राशि: कुम्भ राशि वालों आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आपके प्रतिद्वंद्वी आपको परेशान नहीं करेंगे और आपकी पद प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

मीन राशि: मीन राशि वालों आज आपको व्यापार के कुछ मामलों में अचानक लाभ हो सकता है। आज आमदनी का नया स्त्रोत आपको मिलेगा। आज अपने जीवन को सकारात्मक नजरिए से समझने की कोशिश करेंगे तो इससे चल रही गलतफहमियां सुलझ जाएंगी।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट आधुनिक भारत की नई उड़ान

**सौरभ वार्ष्णेय**

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट केवल एक हवाई अड्डा नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश और पूरे भारत की विकास यात्रा का एक बड़ा आधार बनने जा रहा है। यह कहना गलत नहीं होगा कि इसके माध्यम से प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी नई ऊंचाई मिलेगी। इस नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट आधुनिक भारत की नई उड़ान माना जा रहा है। इस विकास से प्रदेश का ही नहीं देश का विकास भी संभव हो सकेगा? देश की तरक्की में कम्युनिकेशन यानी यातायात को सुगम बनाना स्वाभाविक ही वह क्षेत्र और देश स्वयं तरक्की के पंख लगा लेता है। आज उसी अध्याय में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश को बीमारू' छवि से बाहर निकालेगा। प्रदेश की छवि में चार चांद लगेंगे

जैसा की बताया जा रहा है अप्रैल के अंत में फ्लाइट्स शुरू होने के बाद यह देश का पांचवां सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन जाएगा। चारों फेज का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद यह देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनेगा। 5000 एकड़ से अधिक के क्षेत्रफल में एयरपोर्ट का विस्तार होगा। पहले फेज के बाद इस एयरपोर्ट पर यात्री क्षमता करीब 1.2 करोड़ होगी। फाइनल फेज पूरी होने के बाद यह 7 करोड़ से अधिक यात्री क्षमता वाला एयरपोर्ट होगा। उड़ानें शुरू होने के बाद तेजी से बढने की उम्मीद है। भविष्य का सबसे बड़ा एविएशन हब बनने की पूरी क्षमता रखता है। इससे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश को बीमारू' छवि से बाहर निकालकर विकसित प्रदेश' की दिशा में ले जाने की क्षमता रखता है। और जब देश का सबसे बड़ा राज्य आर्थिक रूप से सशक्त होगा, तो स्वाभाविक है कि भारत की समग्र प्रगति भी तेज होगी।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर एयरपोर्ट ) का उद्घाटन होने के बाद अब अप्रैल माह के अंत तक उड़ाने शुरू होने की उम्मीद की जा रही है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट 65 शहरों के लिए उड़ान शुरू किए जाने का दावा है। पहले चरण में देश के 10 शहरों के लिए सेवा शुरू होगी। शुरुआत में केवल घरेलू और कार्गो उड़ानें ही संचालित होंगी। नोएडा एयरपोर्ट के उद्घाटन के साथ ही यूपी पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला देश का पहला राज्य बन गया है। वैसे तो देश में एयरपोर्ट अलग-अलग मानकों के आधार पर तय किए जाते हैं। इनमें यात्री क्षमता, क्षेत्रफल और उड़ानों की संख्या शामिल होती है। देश के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट के आधार पर सबसे बड़ा दिल्ली का इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। वहीं, क्षेत्रफल के लिहाज से हैदराबाद एयरपोर्ट सबसे बड़ा है। उड़ानों की दृष्टि से सबसे बड़ा एयरपोर्ट दिल्ली और मुंबई एयरपोर्ट है। जेवर एयरपोर्ट का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद इसे सबसे बड़ा माना जाएगा। देश के पांच सबसे बड़े एयरपोर्ट होगा।

सबसे पहले, यह एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश को वैश्विक व्यापार और निवेश के नक्शे पर मजबूती से स्थापित करेगा। अभी तक दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर अत्यधिक दबाव रहता है, लेकिन जेवर एयरपोर्ट उस दबाव को कम करेगा और क्षेत्र में हवाई कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगा। इससे निर्यात, लॉजिस्टिक्स और पर्यटन क्षेत्र को बड़ा लाभ मिलेगा। दूसरा, यह परियोजना रोजगार के विशाल अवसर पैदा करेगी। निर्माण चरण से लेकर संचालन तक लाखों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। आसपास के क्षेत्रों—जैसे ग्रेटर नोएडा, बुलंदशहर, अलीगढ़—में औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियां तेजी से बढ़ेंगी। तीसरा, यह एयरपोर्ट %मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी' का केंद्र बनेगा। एक्सप्रेसवे, मेट्रो और रेल नेटवर्क से जुड़कर यह क्षेत्र एक लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित होगा। इससे किसानों, छोटे व्यापारियों और उद्योगों को अपने उत्पाद देश-विदेश तक पहुंचाने में आसानी होगी।चौथा, विदेशी निवेश को आकर्षित करने में यह अहम भूमिका निभाएगा। जब वैश्विक कंपनियां बेहतर इंफ्रास्ट्रक्कर देखती हैं, तो वे निवेश के लिए अधिक इच्छुक होती हैं। इससे मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत' जैसे अभियानों को मजबूती मिलेगी।

हालांकि, विकास के इस मॉडल में कुछ चुनौतियां भी हैं—जैसे पर्यावरण संतुलन और स्थानीय लोगों के पुनर्वास के मुद्दे। इनका संवेदनशील और संतुलित समाधान जरूरी है, ताकि विकास समावेशी और टिकाऊ बन सके।उत्तर प्रदेश लंबे समय से अपनी विशाल जनसंख्या, कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था और सीमित औद्योगिक विस्तार के कारण विकास की चुनौतियों से जूझता रहा है। ऐसे में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण न केवल एक बुनियादी ढांचा परियोजना है, बल्कि यह राज्य की आर्थिक तस्वीर बदलने की क्षमता रखने वाला ऐतिहासिक कदम है। सबसे पहले, यह एयरपोर्ट क्षेत्रीय और वैश्विक कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा। दिल्ली-एनसीआर के बढ़ते दबाव को कम करते हुए यह नया हवाई अड्डा अंतरराष्ट्रीय व्यापार, पर्यटन और निवेश को आकर्षित करेगा। जब दुनिया के बड़े शहरों से सीधी उड़ानें जुड़ेंगी, तो विदेशी कंपनियों के लिए उत्तर प्रदेश में निवेश करना अधिक आसान और लाभदायक होगा।दूसरा महत्वपूर्ण पहलू रोजगार का है। एयरपोर्ट के निर्माण से लेकर उसके संचालन तक लाखों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। होटल, परिवहन, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग और रिटेल जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाएं खुलेंगी। आसपास के क्षेत्रों में छोटे और मध्यम उद्योगों को भी गति मिलेगी, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।तीसरा, यह परियोजना औद्योगिक विकास को नई दिशा देगी। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के तहत विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्रों को इस एयरपोर्ट से सीधा लाभ मिलेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स, मैन्युफैक्करिंग और लॉजिस्टिक्स हब के रूप में यह क्षेत्र तेजी से उभर सकता है। हालांकि, हर बड़े विकास के साथ चुनौतियां भी आती हैं। भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय संतुलन और स्थानीय समुदायों के पुनर्वास जैसे मुद्दों को संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ संभालना होगा। यदि इन पहलुओं की अनदेखी हुई, तो विकास का यह मॉडल असंतुलित हो सकता है। यह कहना अतिश्योक्ति होगा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश के लिए केवल एक इंफ्रास्ट्रक्कर परियोजना नहीं, बल्कि आर्थिक पुनर्जागरण का माध्यम बन सकता है। यदि सरकार और निजी क्षेत्र मिलकर इसे योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ाएं, तो यह राज्य को न केवल राष्ट्रीय बल्कि वैश्विक आर्थिक मानचित्र पर नई पहचान दिला सकता है।उत्तर प्रदेश के जेवर में बन रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश के बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। यह केवल एक हवाई अड्डा नहीं, बल्कि उत्तर भारत के लिए विकास का नया इंजन बनने जा रहा है।सबसे बड़ी विशेषता इसकी वृहद क्षमता और चरणबद्ध विस्तार योजना है। पूर्ण रूप से विकसित होने पर यह एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट्स में शामिल होगा। शुरुआत में ही इसकी रनवे क्षमता और यात्री संभालने की व्यवस्था इसे भविष्य के दबाव के लिए तैयार बनाती है। अहम विशेषता है इसकी बेहतरीन कनेक्टिविटी।

## दिल्ली हाई कोर्ट और विधानसभा समेत कई संस्थानों को भेजी फर्जी धमकियां, पुलिस के हत्थे चढ़ा मास्टरमाइंड

नई दिल्ली (आरएनएस)। देशभर में हड़कंप मचाने वाले फर्जी धमकी संदेशों के मामले में दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने कर्नाटक के मैसूर से एक 47 साल के शख्स को गिरफ्तार किया है, जो कथित तौर पर 1,000 से ज्यादा फर्जी धमकी भरे मैसेज भेज चुका था। आरोपी की पहचान श्रीनिवास लुइस के रूप में हुई है। उसे दिल्ली पुलिस ने मैसूर में उसके किराए के घर से पकड़ा। इस ऑपरेशन को दिल्ली पुलिस और स्थानीय पुलिस ने मिलकर अंजाम दिया। अब आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है ताकि इन फर्जी धमकी भरे मैसेज भेजने के पीछे का सच पता किया जा सके। दरअसल, पिछले कुछ हफ्तों से देश के कई बड़े संस्थानों, अदालतों और सरकारी दफ्तरों को लगातार धमकी भरे संदेश मिल रहे थे, जिससे सुरक्षा एजेंसियों में हलचल मची हुई थी। इन संदेशों में बम धमाके जैसी गंभीर धमकियां दी जाती थीं। इतना ही नहीं, दिल्ली हाई कोर्ट, दिल्ली विधानसभा और कई शैक्षणिक संस्थान भी इनका निशाना बने। हर बार ऐसे मैसेज मिलने के बाद सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी जाती थी, जांच की जाती थी और लोगों में डर का माहौल बन जाता था। हालांकि, जांच में बाद में ये सभी धमकियां फर्जी निकलीं। लेकिन तब तक पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को काफी संसाधन और समय लगाना पड़ता था। यही वजह है कि इस मामले को गंभीरता से लिया गया और आरोपी की तलाश शुरू की गई। पुलिस के मुताबिक, टेक्निकल सर्विलांस और डिजिटल ट्रैकिंग के जरिए आरोपी श्रीनिवास लुइस तक पहुंचा गया। काफी समय से उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी, जिसके बाद आखिरकार उसे पकड़ लिया गया। अब पुलिस आरोपी से पूछताछ करने और आगे की कार्रवाई में जुटी है। आधिकारियों का कहना है कि पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी ने इतने बड़े स्तर पर ये फर्जी धमकी भरे मैसेज क्यों भेजे। क्या इसके पीछे कोई व्यक्तिगत कारण था या फिर कोई और मकसद था इसकी जांच जारी है।

## रेप से पहले पिलाता था खारा पानी', ढोंगी बाबा अशोक खरात केस में एसआईटी ने किए चौंकाने वाला खुलासा

नई दिल्ली (आरएनएस)। महिलाओं से दुष्कर्म के मामले में नासिक के ज्योतिषी अशोक खरात की पुलिस हिरासत मजिस्ट्रेट कोर्ट ने रविवार को 1 अप्रैल तक बढ़ा दी। जांच अधिकारी ने कोर्ट को बताया कि मामले की जांच अभी जारी है और जब्त किए गए मोबाइल फोन की क्लोन कॉपी के विश्लेषण के लिए डिजिटल विशेषज्ञों की जरूरत है। यह प्रक्रिया आरोपी की मौजूदगी में ही की जानी आवश्यक है। मामले की जांच कर रही स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) ने राज्य फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला से फोन की क्लोन कॉपी हासिल कर ली है। अब तक खरात के खिलाफ कुल 10 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं, जिनमें से 8 दुष्कर्म से संबंधित हैं। सहायक सरकारी वकील शैलेंद्र बागाडे ने कोर्ट को बताया कि जांच के कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर आरोपी ने अब तक पर्याप्त सहयोग नहीं किया है। उन्होंने आशंका जताई कि खरात ने अपने अहम संपर्कों के नंबर उपनामों (फर्जी नामों) से सेव किए हो सकते हैं, इसलिए उसकी मौजूदगी में मोबाइल डेटा की जांच जरूरी है। बागाडे ने यह भी बताया कि जांच एजेंसियां खरात की चल और अचल संपत्तियों की जांच कर रही हैं। उन्हें संदेह है कि आरोपी ने कुछ संपत्तियां अपने नाम या अन्य लोगों के नाम पर हासिल की हो सकती हैं। गिरफ्तारी से जुड़े एक मामले में आरोप है कि खरात ने पीड़िता को पीने के लिए खारा और कड़वा पानी दिया, जिसे पीने के बाद उसे चक्कर आने लगे। इसके बाद आरोपी ने कथित तौर पर उसके साथ दुष्कर्म किया। अभियोजन पक्ष के अनुसार, SIT अब इस पानी के स्रोत की जांच करेगी और यह पता लगाने की कोशिश करेगी कि उसमें क्या मिलाया गया था। इस बीच, SIT के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन रिपोर्टों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, जिनमें दावा किया गया था कि राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रूपाली चाकणकर को खरात के चैरिटेबल ट्रस्ट से उनके संबंधों को लेकर पूछताछ के लिए बुलाया गया है। चाकणकर इस ट्रस्ट में ट्रस्टी के रूप में जुड़ी रही हैं। उधर, इस मामले को लेकर राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार और राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के बीच इस मुद्दे पर तीखी बहस देखने को मिली।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को मूल मंत्र दिया कि जो खेलेगा वो खिलेगा : मंत्री अनिल विज



चंडीगढ़ (आरएनएस)। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम सारे देश का दर्शन है। कार्यक्रम के माध्यम से देश के हर कोने में क्या हो रहा है, सब उसमें दिखाया जा रहा है और यह एक अच्छा कार्यक्रम हैं जिसे सभी को देखना चाहिए। विज अम्बाला छावनी ट्रिब्यून कालोनी में वरिष्ठ सीए एडी गांधी के निवास स्थान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम को देखने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमारे प्रिय मित्र, फिलोस्फर व गाईड हैं। आज मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के हर कोने में क्या हो रहा है, कहां मछली पालन, कहां खेती में क्या-क्या प्रयोग किए जा रहे हैं यह सब उसमें दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के भिन्न-भिन्न हिस्सों में देशवासियों ने क्या-क्या उपलब्धियां हासिल की हैं उसे इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी के साथ सांझा करते हैं। देशवासियों द्वारा जहां-जहां प्रेरक कार्य किए है जैसे जल संचय, सौलर एनर्जी, रूफ टॉप, पानी का संचय करना इत्यादि शामिल हैं ताकि सभी लोगों को इस बारे जानकारी मिल सके और लोग भी इससे प्रेरणा लेकर कार्य करते हुए देश को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने इस मौके पर यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से मूल मंत्र भी दिया है कि जो खेलेगा वो खिलेगा। हमारे सारे नौजवान अपनी ताकत का इधर-उधर प्रयोग न करें यानि युवा व खिलाड़ी अपनी ऊर्जा का सही प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करते हुए देश व प्रदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा भी मनवा रहे हैं। सभी को खेलों में भाग लेकर आगे बढना चाहिए।

**ऊर्जा मंत्री का स्वागत किया**

इससे पहले, कार्यक्रम में पहुंचने पर वरिष्ठ सीए एडी गांधी व अन्य गणमान्य लोगों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर एलईडी के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से अपना संदेश दिया जिसे कैबिनेट मंत्री के साथ-साथ उपस्थित सभी ने देखा व सुना। इस अवसर पर एडी गांधी, सौरभ गांधी, गौरव गांधी, कपिल विज, डा. आरके अनेजा, डा. एमके दत्ता, नरेश भारद्वाज, सुनील वधावन, एमएस टंडन, जसवंत जैन, कमलजीत जैन, शुभम विज, शैली खन्ना, आरती सहगल के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**मन की बात कार्यक्रम में यह दिखाया**

गौरतलब है कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं, नारी सशक्तिकरण, स्वास्थ्य के प्रति, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, जल संचय, एक पेड मां के नाम, पौधारोपण जैसे विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम ही नहीं है बल्कि सांझा संवाद है। हर महीने मन की बात कार्यक्रम के दौरान वह देश के लोगों के साथ संवाद करते हैं और इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों के सुझाव व संदेश भी उन्हे मिलते हैं। उन्होने कहा कि गर्मी आने वाली है, जल संचय का हमें विशेष ध्यान रखना है। पिछले 11 वर्षों में जल संचय के प्रति लोगों में जागरूकता आई है। देश के लगभग 50 लाख आर्टिफिशल हारवेस्टिंग स्ट्रक्चर के साथ-साथ गांवों के तालाबों की सफाई का कार्य के अलावा देश में लगभग 70 हजार अमृत सरोवर बनाए गए हैं। वाराणसी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां पर एक घंटे में लाखों पेड लगाने का काम किया गया है जिसमें सभी की भागेदारी देखी गई है।

## खौफनाक वारदात : छोटे सिलेंडर से पत्नी के सिर पर किए कई वार, हत्या के बाद बच्ची को गोद में लिए शव के पास बैठा रहा




नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के पुल प्रहलादपुर इलाके में रविवार देर रात पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। आरोपी पति ने रविवार रात कथित तौर पर घरेलू विवाद के दौरान अपनी पत्नी के सिर पर छोटे गैस सिलेंडर से कई बार वार करके उसकी हत्या कर दी। इसके बाद बच्ची को गोद में लिए शव के पास बैठा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पति को हिरासत में ले लिया। आरोपी के एक पड़ोसी ने कहा, सुरेश ने अपनी पत्नी पूनम की हत्या कर दी, जिसकी 18 महीने की एक बच्ची है। दोनों एक महीने से डीडीए आवास में रह रहे थे। पति ने कथित तौर पर चरित्र पर शक के चलते पत्नी की हत्या की है। पति ने सिलेंडर से पत्नी के सिर पर पहले वार किया फिर हाथ तोड़ दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बच्ची हमारे पास है, जिसे परिचितों को सौंप दिया जाएगा। आरोपी को पुलिस अपने साथ ले गई। एक दूसरे पड़ोसी ने बताया, रविवार रात में बचा लो, बचा लो की आवाज आई थी। अपने रूम से नीचे उतरकर आया तो पता चला कि प्रथम तल पर झगड़ा हुआ है। जिस रूम से आवाज आई थी वहां गए तो अंदर से दरवाजा बंद था। इसके बाद मकान मालिक को बुलाया, जिन्होंने दरवाजा खोला। अंदर जाकर देखा तो महिला मृत पड़ी थी और बगल में सिलेंडर पड़ा था। शव के बगल में पति बच्ची को लिए खड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



*मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस राज्य पुलिस अकादमी, चंदखुरी से अंबिकापुर-दिल्ली - कोलकाता हवाई सेवा का वर्चुअल शुभारंभ किया।*

## नए शैक्षणिक सत्र पर मुख्यमंत्री योगी की बच्चों को नसीहत,स्क्रीन टाइम घटाएं,एक्टिविटी टाइम बढ़ाएं



लखनऊ (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत पर छात्रों को स्क्रीन टाइम कम कर एक्टिविटी टाइम बढ़ाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि तकनीक के इस दौर में उसका संतुलित उपयोग जरूरी है, लेकिन बच्चों का समग्र विकास तभी संभव है जब वे खेल, योग और रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करें। मुख्यमंत्री योगी ने नए शैक्षणिक सत्र के आगाज़ पर छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए एक पाती लिखी है, जिसमें उन्होंने कहा कि शिक्षा को लेकर सरकार की प्राथमिकताओं को दोहराया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और 'स्कूल चलो अभियान' इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संदेश में कहा, नया शैक्षणिक सत्र आरंभ हो रहा है। मैं सभी बच्चों को उनके स्वर्णिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं। आप सभी अपनी रुचि के विषयों, खेलकूद और विद्यालय की गतिविधियों में पूरे मनोयोग से हिस्सा लें और अपने सपनों को साकार करें। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण और संस्कारयुक्त शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की पहली पाठशाला है। यहीं से जीवन के मूल संस्कार और शिक्षा मिलती है, जो आगे का मार्ग प्रशस्त करती है।

सीएम योगी ने भारतीय परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा, प्रभु श्रीराम के मर्यादा पुरुषोत्तम बनने और भगवान श्रीकृष्ण के कर्मयोगी स्वरूप की आधारशिला गुरुकुल शिक्षा में ही रखी गई थी। आप सभी के लिए भी शिक्षा इसी कर्तव्यपथ का अभिन्न अंग है।

उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे स्वामी विवेकानंद के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं। परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ आप असंभव लक्ष्य भी प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने स्वस्थ जीवनशैली पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों को खेलकूद और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। साथ ही उन्होंने तकनीक के संतुलित उपयोग की सलाह देते हुए कहा, आज का युग तकनीक का है, लेकिन स्क्रीन टाइम कम कर एक्टिविटी टाइम बढ़ाना जरूरी है। खूब खेलें, खूब पढ़ें और खुद को हर क्षेत्र में विकसित करें।

अभिभावकों को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा, आप अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए प्रयासरत रहते हैं। इसके साथ ही समाज के उन बच्चों को भी शिक्षा से जोड़ने का संकल्प लें, जो अभी विद्यालय से दूर हैं। सरकारी योजनाओं की जानकारी के अभाव में जो बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं, उनके परिवारों को जागरूक करें।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है कि एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। 1 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक 'स्कूल चलो अभियान' चलाया जाएगा, जो हमारे इसी संकल्प का प्रतीक है, उन्होंने बताया। अंत में मुख्यमंत्री ने कहा, विकसित उत्तर प्रदेश का लक्ष्य तभी पूरा होगा, जब हर बच्चा शिक्षित होगा और आगे बढ़ेगा।

# जोधपुर कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी : सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर, परिसर में सघन तलाशी अभियान

जोधपुर (आरएनएस)। राजस्थान की न्यायिक राजधानी जोधपुर में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब जोधपुर जिला एवं सेशन न्यायालय को एक संदिग्ध ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। इस सूचना के बाद से ही पूरे शहर में सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं और कोर्ट परिसर को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह कोर्ट प्रशासन को एक ईमेल मिला जिसमें दावा किया गया कि दोपहर 1 बजे कोर्ट परिसर में 5 अलग-अलग स्थानों पर बम विस्फोट किए जाएंगे। धमकी भरा संदेश मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस और खुफिया एजेंसियां तुरंत हरकत में आ गईं। तलाशी अभियान और कड़ी सुरक्षा धमकी की गंभीरता को देखते हुए: बम निरोधक दस्ता (BDDS) और डॉग स्क्वायड ने पूरे कोर्ट परिसर की कमान संभाल ली है। जजों के चैंबर्स, अदालती कक्षों,



पार्किंग एरिया और आसपास के संवेदनशील कोनों की गहन जांच की जा रही है। एहतियात के तौर पर आम लोगों और पक्षकारों की आवाजाही को सीमित कर दिया गया है। प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा कर्मियों द्वारा कड़ी स्क्रीनिंग की जा रही है।

**ईमेल में तमिलनाडु की राजनीति का जिक्र**

चौकाने वाली बात यह है कि धमकी देने वाले ने खुद को "LTTE-Nivetha Pethuraj" नामक संगठन से जुड़ा बताया है। ईमेल में तमिलनाडु की राजनीति और वहां के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ आपत्तिजनक एवं भड़काऊ टिप्पणी भी की गई है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि क्या यह किसी की शरारत है या इसके पीछे कोई गहरी साजिश है। जोधपुर पुलिस की साइबर टीम ईमेल के आईपी एड्रेस (IP Address) और स्रोत को ट्रैक करने में जुटी है। पुलिस ने अज्ञात हमलावर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांति बनाए रखें।

## 160 करोड़ रुपए गबन मामला : पंचकूला-पानीपत में कोटक महिंद्रा-एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के बाहर पुलिस तैनात, शाखाएं खोलने की अनुमति नहीं

पंचकूला (आरएनएस)। हरियाणा में कोटक महिंद्रा बैंक और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक से जुड़े लगभग 160 करोड़ के कथित गबन मामले में सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। पंचकूला और पानीपत में बैंक शाखाओं के बाहर पुलिस तैनात कर दी गई है। सोमवार सुबह बैंक कर्मचारियों को शाखाएं खोलने की अनुमति नहीं दी गई और स्टाफ बाहर ही खड़ा रहा। बताया जा रहा है कि इस मामले की जांच कर रही एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) को दोनों बैंकों से अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा था, जिसके बाद यह कदम उठाया गया। मामला पंचकूला नगर निगम द्वारा कराए गए फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) से जुड़ा है। नगर निगम ने विभिन्न बैंकों में करीब 160 करोड़ की एफडी करवाई थी। इनमें से कुछ एफडी के मैच्योर होने पर उनके रिकॉर्ड में गंभीर विसंगतियां सामने आईं। जांच के अनुसार, नगर निगम ने कोटक महिंद्रा बैंक में कुल 16 एफडी करवाई थीं। इनमें से 11 एफडी, जिनकी कुल राशि 59.58 करोड़ थी, 16 फरवरी 2026 को मैच्योर हो गईं। लेकिन मैच्योरिटी के बाद बैंक द्वारा दिए गए विवरण नगर निगम के रिकॉर्ड से मेल नहीं खाते। खाता संख्या 2046903758 के संबंध में 16 मार्च 2026 को प्राप्त बैंक स्टेटमेंट के अनुसार, 13 मार्च को खाते में अपेक्षित 50.07 करोड़ की जगह केवल 2.18 करोड़ शेष थे।

# केंद्र ने समुद्री दक्षता बढ़ाने के लिए न्यू मैंगलोर पोर्ट पर बर्थ के पुनर्विकास को दी मंजूरी

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्र सरकार ने न्यू मैंगलोर पोर्ट अथॉरिटी (एनएमपीए) के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत न्यू मैंगलोर पोर्ट पर बर्थ नंबर 9 का पुनर्विकास किया जाएगा। यह काम पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत डीबीएफओटी आधार पर किया जाएगा। सोमवार को इसकी जानकारी दी गई। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अनुसार, इस परियोजना को 25 मार्च 2026 को मंजूरी दी गई। यह कदम भारत के पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और समुद्री लॉजिस्टिक्स को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा प्रयास माना जा रहा है। करीब 438.29 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना को एक निजी कंपनी द्वारा विकसित किया जाएगा, जिसे ओपन टेंडर प्रक्रिया के जरिए चुना जाएगा। इस प्रोजेक्ट की कुल क्षमता 10.90 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) होगी। साथ ही, प्रोजेक्ट को संभालने वाली कंपनी पांचवें साल तक कम से कम 7.63 एमटीपीए कार्गो हैंडल करने की गारंटी देगी।



निर्माण कार्य को पूरा होने में करीब 2 साल लगेंगे, जबकि पूरे प्रोजेक्ट की अवधि 30 साल की होगी। इस योजना के तहत पुराने ढांचे को हटाकर बर्थ नंबर 9 को पूरी तरह से आधुनिक बनाया जाएगा। यहां पर कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद (पीओएल) और एलपीजी जैसे लिक्विड बल्क कार्गो को संभाला जाएगा। मंत्रालय के अनुसार, इस आधुनिकीकरण के तहत बर्थ की गहराई (ड्राफ्ट) को मौजूदा 10.5 मीटर से बढ़ाकर 14 मीटर किया जाएगा और भविष्य में इसे 19.8 मीटर तक बढ़ाने की व्यवस्था भी रखी जाएगी। इससे पोर्ट पर 2 लाख डीडब्ल्यूटी तक के बड़े जहाज आसानी से आ-जा सकेंगे, जिसमें वेरी लार्ज गैस कैरियर्स (वीएलजीसी) भी शामिल हैं। पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोणोवाल ने कहा कि यह प्रोजेक्ट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के समुद्री इंफ्रास्ट्रक्चर को तेजी से आधुनिक बनाने का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट के जरिए पुराने इंफ्रास्ट्रक्चर को हटाकर आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे पोर्ट की क्षमता बढ़ेगी और भारत वैश्विक समुद्री व्यापार में अपनी मजबूत स्थिति बना सकेगा। करीब 50 साल पुराने ढांचे की जगह नई आधुनिक संरचनाएं बनाई जाएंगी, जिनकी उम्र लगभग 50 साल तक होगी। इससे लंबे समय तक स्थिर और टिकाऊ संचालन सुनिश्चित किया जा सकेगा। नई क्षमता के साथ यह पोर्ट क्षेत्र में बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होगा। बड़े जहाजों की आवाजाही से लॉजिस्टिक्स लागत कम होगी और पोर्ट की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता भी बढ़ेगी।

## नीतीश कुमार ने विधान परिषद की सदस्यता से दिया इस्तीफा

पटना (आरएनएस)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित होने के बाद सोमवार को विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। जदयू के नेता और बिहार के मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहले ही राज्यसभा के लिए निर्वाचित घोषित हो चुके हैं, और यह संवैधानिक रूप से अनिवार्य था। मुख्यमंत्री भी आज विधान परिषद की सदस्यता का त्याग करेंगे। उन्हीं के इस्तीफा का पत्र लेकर एमएलसी संजय गांधी और हमलोग विधान परिषद आए हैं। सभापति आएंगे और आगे की प्रक्रिया शुरू होगी। नीतीश कुमार के इस कदम के साथ ही बिहार में नेतृत्व परिवर्तन होने की संभावना है। हालांकि उनके मुख्यमंत्री पद छोड़ने को लेकर अब तक स्थिति साफ नहीं है।

# रेड स्टाइलिश ड्रेस में रकुल प्रीत ने दिखाईं अदाएं, फैंस बोले- खूबसूरत



बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरती रहती हैं। उनके हर एक अंदाज को देखकर इंटरनेट पर सनसनी मच जाती है। हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत ने आज इंस्टाग्राम पर अपना लेटेस्ट लुक शेयर किया हैं। इस नए लुक अभिनेत्री रकुल प्रीत रेड ड्रेस में सिजलिंग पोज देती नजर आ रही हैं। रकुल का यह लुक उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहा हैं। रकुल फिल्म पति पत्नी और वह 2 में नजर आएंगी। पति पत्नी और वह 2 एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म हैं। पति पत्नी और वह 2 में आयुष्मान खुराना, सारा अली खान, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। पति पत्नी और वह 2 का निर्देशन मुदस्सर अजीज कर रहे हैं। पति पत्नी और वह 2 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह आए दिन अपने लेटेस्ट लुक शेयर कर अक्सर फैंस के दिलों पर खंजर चला देती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। साथ ही फैंस उनके हॉट लुक को देखकर तारीफ करते नहीं थकते हैं।

एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं।

# धुरंधर 2 के बाद अब आखिरी सवाल से बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाएंगे संजय दत्त, पहला पोस्टर जारी, रिलीज तारीख का भी ऐलान

धुरंधर और धुरंधर द रिवेंज की भारी सफलता को इस वक्त संजय दत्त एंजॉय कर रहे हैं। लोगों ने एसपी असलम चौधरी का उनका किरदार खूब पसंद किया। उनके डायलॉग काफी वायरल भी हुए, लेकिन अब वो इससे आगे बढ़ते हुए एक नई फिल्म में नजर आने के लिए पूरी तरह तैयार हो चुके हैं। संजय दत्त की अपकमिंग फिल्म आखरी सवाल का ऐलान हो गया है। पहले इसकी सिर्फ पहली झलक ही सामने आई थी और उसी से खलबली मच गई थी, लेकिन अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है। दमदार पोस्टर के साथ मेकर्स ने संजू बाबा की पर्दे पर वापसी की तारीख बता दी है।

बढ़ती उत्सुकता के बीच अब रिलीज की तारीख 15 मई 2026 का भी खुलासा कर दिया गया है। आखरी सवाल का यह पोस्टर वास्तव में उस गंभीरता और विषय की सही झलक है जिसे फिल्म में दिखाया गया है। एक बड़े क्रेश्चन मार्क के बीच संजय दत्त का संजीदा चेहरा इस पोस्टर को काफी दिलचस्प बना रहा है, जिससे फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ गई है। इसकी टैगलाइन इसे और भी दमदार बनाती है, वो सवाल जो भारत ने पूछना कभी बंद नहीं किया। यह अपने आप में इशारा करता है कि फिल्म एक ऐसे विषय पर आधारित है जिससे भारत लंबे समय से जूझ रहा है। पोस्टर पर रिलीज की तारीख भी साफ तौर पर 15 मई 2026 दिखाई गई है।



इसके अलावा आखरी सवाल दर्शकों के सामने भारत के सबसे पुराने और एकजुट संगठनों में से एक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 साल की यात्रा की सच्ची कहानी लेकर आने वाली है, जिसकी स्थापना 1925 में केशव बलिराम हेडगेवार ने की थी। दर्शकों को एक ऐसी महत्वपूर्ण मीटिंग देखने को मिलेगी जिसने भारत के भविष्य को बदल दिया, यह फिल्म इतिहास की उन कहानियों से कहीं आगे जाएगी जो हमारी किताबों में भी नहीं मिलतीं। यह राष्ट्र के लिए निस्वार्थ सेवा के मूल विचार पर रोशनी डालती है और दर्शकों को उन सच्चाइयों से रूबरू कराने का वादा करती है जो अब तक अनकही और अनदेखी रही हैं। भारत के युवाओं के मन में इस संगठन को लेकर कई सवाल और गहरी उत्सुकता है, जो ज्यादातर लोगों के लिए एक रहस्य जैसा रहा है, क्योंकि यह संगठन खुद का प्रचार करने या प्रेस कॉन्फ्रेंस करने में विश्वास नहीं रखता।

इस फिल्म में संजय दत्त, अमित साध, नमाशी चक्रवर्ती, समीरा रेड्डी, त्रिधा चौधरी और नीतू चंद्रा जैसे सितारों की एक बेहतरीन कास्ट शामिल है। अनुभवी और टैलेंटेड कलाकारों के साथ यह फिल्म दर्शकों पर एक गहरा प्रभाव छोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। अभिजीत मोहन वारंग जिन्होंने 2021 में मराठी ड्रामा पिकासो के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत की थी, उन्हें 67वें नेशनल फिल्म अवार्ड्स में स्पेशल मेंशन मिला था। उन्होंने लगातार मराठी और हिंदी दोनों भाषाओं में शानदार फिल्में दी हैं। उनके कुछ कामों में डेजा वू, प्रेम प्रथा धूमशान, पिकोलो और शॉर्ट फिल्म वर्चुअल रियलिटी शामिल हैं।

नीम ट्री एंटरटेनमेंट और निखिल नंदा मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म के मेकर्स हॉटस्टार और अन्य प्लेटफार्मों के लिए कई प्रोजेक्ट्स पहले ही पूरे कर चुके हैं। आखरी सवाल का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विनर फिल्म मेकर अभिजीत मोहन वारंग ने किया है। निखिल नंदा और धनराज नथवानी द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म के निर्माता निखिल नंदा और संजय दत्त हैं, जबकि पुनीत नंदा, डॉ. दीपक सिंह, गौरव दुबे और उज्ज्वल आनंद इसके सह-निर्माता हैं। फिल्म की कहानी, स्क्रीनप्ले और डायलॉग उत्कर्ष नैथानी ने लिखे हैं। यह फिल्म 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

## एटली ने अल्लू अर्जुन की फ़िल्म एए22 से रहस्यमय शेर वाली पोस्टर जारी किया, प्रशंसकों में जगी उत्सुकता

एटली ने अल्लू अर्जुन की आने वाली फ़िल्म, एए22 के लिए एक रहस्यमयी शेर वाला पोस्टर जारी करके फ़ैन्स में काफ़ी उत्साह जगा दिया है।



इस पोस्टर में एक शेर का चेहरा दो अलग-अलग हिस्सों में बंटा हुआ दिखाया गया है, जो पुष्पा स्टार के लिए एक दमदार दोहरी भूमिका या एक जटिल किरदार की कहानी का संकेत देता है। एटली ने इसके साथ ही एक प्रेरणादायक कोट भी शेयर किया, आप जैसा कोई नहीं है, और यही आपकी ताक़त है, जिससे इस फ़िल्म को लेकर अटकलें और भी तेज़ हो गई हैं।

सन पिक्चर्स द्वारा प्रोड्यूस की जा रही यह फ़िल्म, 600 करोड़ के भारी-भरकम बजट पर बनाई जा रही है, जो इसे भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े और महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स में से एक बनाती है। ब्लॉकबस्टर फ़िल्में देने के मामले में एटली के शानदार ट्रैक रिकॉर्ड और अल्लू अर्जुन की पैन-इंडिया स्टारडम को देखते हुए, इस कोलैबोरेशन से लोगों की उम्मीदें आसमान छू रही हैं।

खबरों के मुताबिक, अल्लू अर्जुन के जन्मदिन यानी 8 अप्रैल को फ़िल्म का एक टीज़र रिलीज़ होने वाला है, जिससे फ़ैंस को फ़िल्म की दुनिया की एक झलक मिलेगी। फ़िल्म का आधिकारिक टाइटल, एए22×ए6, अल्लू अर्जुन की मुख्य अभिनेता के तौर पर 22वीं फ़िल्म और एटली के निर्देशन में बनी छठी फ़िल्म को दर्शाता है। यह फ़िल्म एक शानदार सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है, जिसमें ज़बरदस्त एक्शन, भव्यता और अत्याधुनिक विज़ुअल्स देखने को मिलेंगे।

फ़िल्म की कास्ट में दीपिका पादुकोण, मृणाल ठाकुर, जान्हवी कपूर और रश्मिका मंदाना शामिल हैं, जिससे यह एक सितारों से सजी फ़िल्म बन गई है।

## चार्मिंग स्टार शारवा, मालविका नायर की फिल्म बाइकर का ट्रेलर रिलीज, 3 अप्रैल को सिनेमाघरों में धूम मचाने के लिए तैयार




आकर्षक स्टार शरवा अभिलाष रेड्डी द्वारा निर्देशित और यूवी क्रिएशन्स द्वारा निर्मित हाई-ऑक्टेन रेसिंग ड्रामा बाइकर की रिलीज के लिए तैयार हैं। भारत की पहली पूर्ण-स्तरीय मोटोक्रॉस एडवेंचर फिल्म के रूप में प्रचारित, जिसमें एक मजबूत भावनात्मक पहलू भी शामिल है, यह फिल्म 3 अप्रैल को सिनेमाघरों में धूम मचाने के लिए तैयार है। टीम ने डॉल्बी सिनेमा, ईपीआईक्यू, 4डीएक्स और पीसीएक्स सहित प्रीमियम फॉर्मेट में भव्य रिलीज की भी पुष्टि की है, जिससे इस एक्शन से भरपूर फिल्म को लेकर उत्साह और बढ़ गया है। झलकियाँ, गाने और अन्य प्रचार सामग्री के माध्यम से जबरदस्त चर्चा बटोरने के बाद, निर्माताओं ने आखिरकार फिल्म का थिएट्रिकल ट्रेलर जारी कर दिया है।

ट्रेलर शुरू होते ही सब कुछ साफ हो जाता है। इसकी शुरुआत एक विदेशी स्पोर्ट्स एंकर के इस सवाल से होती है कि क्या भारतीय रेसर वैश्विक प्रतिभाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल सकते हैं। यहीं से विक्की को एक ऐसे राइडर के रूप में पेश किया जाता है जो अनुशासन से गढ़ा गया है, लेकिन साथ ही अनसुलझे संघर्षों से भी घिरा हुआ है। उसकी सबसे कठिन लड़ाई ट्रैक पर नहीं, बल्कि उस व्यक्ति से है जिसने उसे पाला-पोसा और प्रशिक्षित किया - उसके पिता से। उनके बीच का तनावपूर्ण रिश्ता ही कहानी का भावनात्मक तूफान बन जाता है।

शारवा ने इस भूमिका में पूरी निष्ठा के साथ खुद को ढाल लिया है। दुबले-पतले, चुस्त-दुरुस्त और जोशीले अंदाज में, उन्होंने एक रेसर की शारीरिक कुशलता को बखूबी दर्शाया है, साथ ही एक ऐसे बेटे की भावनात्मक गहराई को भी बखूबी पेश किया है जो खुद को साबित करने के लिए बेताब है। उनका अभिनय सहजता से विस्फोटक तीव्रता और शांत संवेदनशीलता के बीच बदलता रहता है।

## टोविनो थॉमस की फिल्म पल्लीचट्टाम्बी का टीज़र रिलीज़, 10 अप्रैल को दुनिया भर में भव्य रूप से सिनेमाघरों में रिलीज़

पल्लीचट्टाम्बी एक बड़े बजट की फिल्म है जिसमें मलयालम स्टार टोविनो थॉमस मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का निर्माण नौफल, ब्रजेश, चाणुक्य, चैतन्य और चरण वर्ल्डवाइड फिल्म्स और सी क्यूब ब्रदर्स एंटरटेनमेंट्स के बैनर तले कर रहे हैं। इसका निर्देशन डिजो जोस एंटनी ने किया है और कायादु लोहार मुख्य अभिनेत्री की भूमिका निभा रही हैं। इस फिल्म को अखिल भारतीय स्तर पर अपार उम्मीदें हैं। यह प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट 10 अप्रैल को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में भव्य रूप से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाला है।फिल्म पल्लीचट्टांबी का टीज़र आज रिलीज़ हुआ। इसकी शुरुआत एक प्रसिद्ध प्राचीन गिरजाघर के आकर्षक दृश्य से होती है। टीज़र में इस पवित्र स्थान पर मंडरा रही बुरी शक्तियों का संकेत मिलता है, जो निर्दोष लोगों को प्रताड़ित कर रहे शैतानी तत्वों को दर्शाती हैं। संवाद फिल्म के मूल संघर्ष और कहानी को लेकर उत्सुकता जगाते हैं।

## धुरंधर की सफलता के बाद अब बादशाह की सवारी करेंगी सौम्या टंडन, शुरू की घुड़सवारी की ट्रेनिंग

अभिनेत्री सौम्या टंडन इन दिनों स्पाई एक्शन फिल्म धुरंधर: द रिवेंज को लेकर सुर्खियों में छाई हैं। इस बीच, अभिनेत्री ने अपने नए शौक का खुलासा किया और बताया कि उन्होंने उसकी ट्रेनिंग भी शुरू कर दी है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया कि उन्हें घुड़सवारी का काफी शौक था, जिसकी उन्होंने ट्रेनिंग शुरू कर दी है। फिल्म की सफलता के बाद सौम्या अब अपनी नई रुचि पर फोकस कर रही हैं। घुड़सवारी उनके लिए न सिर्फ नया शौक है बल्कि एक सपने को पूरा करने की दिशा में पहला कदम भी है।



सौम्या ने कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं। इसमें वे घोड़ों के साथ नजर आ रही हैं। वहीं, कुछ तस्वीरों में वे घुड़सवारी सीखते हुए भी दिख रही हैं।

सौम्या ने लिखा, पहला दिन और पहली घुड़सवारी की क्लास।

अभिनेत्री ने बताया कि उन्हें बचपन से ही घोड़े बहुत पसंद रहे हैं। उन्होंने लिखा, घोड़े बहुत सुंदर और नाजुक जानवर होते हैं। मैं हमेशा उनसे आकर्षित रही हूं। मैं बचपन में एक बड़े फार्म का सपना देखती थी, जहां खूबसूरत घोड़े और कुत्ते हों। मैं खुद उन घोड़ों पर सवारी करते हुए खुद को देखती थी।

सौम्या ने लिखा, पहला दिन थोड़ा मुश्किल रहा, लेकिन मैंने घुड़सवारी सीखना शुरू कर दिया है, तो पहला दिन काफी खतरनाक और थकाऊ था। मेरी पीठ में दर्द हो रहा है, लेकिन इस क्लास में मुझे एक नया दोस्त मिल गया। वह दोस्त है एक सुंदर सफेद घोड़ा, जिसका नाम बादशाह' है।

सौम्या ने मजाकिया अंदाज में बताते हुए लिखा, मैंने बादशाह से बहुत बातें कीं। सच कहूं तो वह बहुत अच्छा सुनने वाला था या शायद उसके पास और कोई चारा नहीं था, लेकिन उसने मेरी सारी बातें ध्यान से सुनीं। मुझे लगता है कि हमारे बीच एक खास कनेक्शन बन गया है। हम अच्छे दोस्त बन गए हैं।

अंत में सौम्या ने लिखा, फिर मिलेंगे बादशाह, जल्दी ही। उम्मीद है एक दिन हम साथ में घोड़ी चलाएंगे और तेज दौड़ लगाएंगे।

# महिलाओं के लिए ट्रेंड में हैं ये 5 चश्मे, पहनकर हर मौके पर लगेंगी स्टाइलिश



चश्मे न केवल आंखों को सूरज की हानिकारक किरणों से बचाते हैं, बल्कि स्टाइल का भी अहम हिस्सा रहते हैं। आजकल बाजार में कई तरह के स्टाइलिश और आकर्षक चश्मे उपलब्ध हैं, जो हर महिला के लुक को खास बना सकते हैं। इस लेख में हम आपको 5 ऐसे चश्मों के बारे में बताएंगे, जो इन दिनों सबसे ज्यादा चलन में हैं। ये न केवल फैशनेबल हैं, बल्कि हर कपड़े के साथ शानदार दिख सकते हैं।

### कैट आई फ्रेम

कैट आई फ्रेम एक ऐसा स्टाइल है, जो हर महिला पर अच्छा लग सकता है। इन फ्रेम वाले चश्मों का डिजाइन बिल्ली की आंखों जैसा होता है, जो आपको एक अलग ही लुक दे सकता है। कैट आई फ्रेम वाले चश्मे को आप किसी भी पोशाक के साथ पहन सकती हैं, चाहे वह पारंपरिक हो या आधुनिक। इनका आकर्षण आपके पूरे लुक को खास बना सकता है और ये रोजाना के इस्तेमाल के लिए बढ़िया हैं।

### गोल फ्रेम

गोल फ्रेम हमेशा चलन में रहने वाला विकल्प है, जो इस साल भी ट्रेंड में है। इस तरह के चश्मे हर चेहरे पर अच्छे लगते हैं और हर मौके पर एक स्मार्ट लुक देते हैं। गोल फ्रेम को आप किसी भी प्रकार के परिधान के साथ पहन सकती हैं, चाहे वह ऑफिस के कपड़े हों या रोजमर्रा के ही क्यों न हों। इनका सरल डिजाइन ही इन्हें इतना खास बनाता है, जो एक सादगी भरा लुक प्रदान कर सकता है।

### धातु के फ्रेम

धातु के फ्रेम हल्के होते हैं और इन्हें लंबे समय तक पहनना आरामदायक होता है। ये चश्मे हर प्रकार के कपड़ों के साथ अच्छे लगते हैं और आपको एक पेशेवर लुक दे सकते हैं। इस तरह के चश्मे उन महिलाओं के लिए बढ़िया रहेंगे, जो ज्यादा देर तक चश्मे पहनना पसंद करती हैं। इनका हल्का वजन और आकर्षक डिजाइन इन्हें खास बनाते हैं, जिससे आप हर मौके पर आकर्षक दिख सकती हैं।

### सपाट लेंस वाले चश्मे

सपाट लेंस वाले चश्मे इस साल बहुत लोकप्रिय हो रहे हैं, क्योंकि ये एक अनोखा लुक देते हैं। इनका सपाट डिजाइन चेहरे पर अलग ही छटा बिखेरता है। सपाट लेंस वाले चश्मे को आप किसी भी प्रकार के कपड़ों के साथ पहन सकती हैं, चाहे वह पारंपरिक हो या आधुनिक। इनका आकर्षण आपके पूरे लुक को खास बना सकता है और आपको भीड़ से अलग दिखा सकता है। काले सपाट लेंस वाले चश्मे खास तौर से शानदार लगते हैं।

### बड़े आकार के धूप के चश्मे

बड़े आकार के धूप के चश्मे न केवल आंखों को धूप से बचाते हैं, बल्कि चेहरे को पूरी तरह ढककर एक अलग ही लुक देते हैं। ये चश्मे खासकर गर्मियों में बहुत काम आते हैं, क्योंकि ये पूरे चेहरे को धूप से बचाते हैं। बड़े आकार के धूप के चश्मे को आप किसी भी प्रकार के परिधान के साथ पेयर कर सकती हैं, जिससे आपका स्टाइल और भी खास लगेगा।

# बच्चों में जल्दी उठने की आदत डालने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके, बनेंगे अनुशासित

बच्चों में जल्दी उठने की आदत डालना एक अहम कदम है, जो उनके जीवन को व्यवस्थित और उत्पादक बना सकता है। यह आदत न केवल उनके शारीरिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होती है, बल्कि मानसिक और भावनात्मक विकास में भी मदद करती है। इस लेख में हम कुछ सरल और प्रभावी तरीकों पर चर्चा करेंगे, जिनसे आप अपने बच्चों को सुबह जल्दी उठने की आदत डाल सकते हैं। इसकी मदद से वे ज्यादा अनुशासित भी बन सकेंगे।

### सोने का समय तय करें

बच्चों को जल्दी उठाने के लिए सबसे पहले उन्हें सोने का एक निश्चित समय बताएं। यह समय ऐसा होना चाहिए, जो उनके लिए आरामदायक हो और वे उसे आसानी से अपना सकें। उदाहरण के लिए, अगर आपका बच्चा रात 9 बजे सोने जाता है तो सुबह 6 बजे उठने का समय तय करें। इस तरह बच्चे का शरीर एक नियमित चक्र में आ जाएगा और वे खुद-ब-खुद जल्दी उठने की आदत डाल लेंगे।

### बिस्तर तैयार रखें

बिस्तर हमेशा साफ-सुथरा और आरामदायक रखें, ताकि बच्चा जब भी सोने जाए तो उसे एक सुखद अनुभव मिले। इसके अलावा बिस्तर पर सोने से पहले आरामदायक तकिये और चादरें रखें, जिससे बच्चे को अच्छी नींद मिल सके। यह भी सुनिश्चित करें कि कमरे का तापमान सही हो और रोशनी कम हो, ताकि बच्चा आसानी से सो सके। इसके साथ ही कमरे में शांति बनाए रखें, ताकि बच्चे को सोने में कोई बाधा न हो।

### अलार्म लगाएं

बच्चों के लिए अलार्म घड़ी लगाएं, जो उन्हें समय पर उठने में मदद करेगी। आजकल बाजार में कई तरह की स्मार्ट घड़ियां उपलब्ध हैं, जिनमें अलार्म का विकल्प होता है। आप इन घड़ियों को सेट करके बच्चे को समय पर उठने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। इसके अलावा आप मोबाइल ऐप का भी उपयोग कर सकते हैं, जो बच्चों को सुबह जल्दी उठने की याद दिलाते हैं। कुछ समय बाद वे बिना अलार्म के भी समय पर उठ जाएंगे।

### सुबह की गतिविधियां शामिल करें

सुबह उठते ही बच्चों को कुछ हल्की-फुल्की कसरत या योग करवाएं। इससे उनका शरीर सक्रिय रहेगा और वे ताजगी महसूस करेंगे। आप उन्हें पार्क ले जा सकते हैं या घर पर ही कुछ सरल योगासन सिखा सकते हैं। इसके अलावा आप उन्हें कुछ खेल खेलने के लिए प्रेरित कर सकते हैं, जैसे दौड़ना, कूदना या बॉल खेलना। इससे उनका मनोबल बढ़ेगा और वे दिनभर ऊर्जा से भरे रहेंगे।



### सकारात्मक प्रोत्साहन दें

बच्चों को जल्दी उठने पर सकारात्मक प्रोत्साहन दें, ताकि वे इस आदत को बनाए रख सकें। आप उन्हें उनकी पसंदीदा चीजें देकर या उनके साथ खेलकर यह कर सकते हैं। इसके अलावा अगर बच्चा समय पर उठता है तो उसे कोई छोटा-सा इनाम दें, जैसे उसकी पसंदीदा किताब या खिलौना। इससे बच्चे को यह महसूस होगा कि जल्दी उठना अच्छा है और वह इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना सकेगा।

# ईरान के तेल पर अमेरिका की नजर, खार्ग द्वीप पर भी कर सकता है कब्जा; राष्ट्रपति ट्रंप ने दिए संकेत

वाशिंगटन,(आरएनएस)। पिछले एक महीने से जारी जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान का तेल लेना चाहते हैं और देश के प्रमुख तेल निर्यात केंद्र खार्ग द्वीप पर कब्जा कर सकते हैं। फाइनेंशियल टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा, सच कहूं तो मेरी पसंदीदा चीज ईरान का तेल लेना है। उन्होंने इसकी तुलना वेनेजुएला से की, जहां वाशिंगटन जनवरी में राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हटाने के बाद कथित तौर पर तेल उद्योग पर लंबे समय तक नियंत्रण रखना चाहता है।

फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान का तेल लेने का मतलब होगा खार्ग द्वीप पर कब्जा करना, जिसके जरिए ईरान के 90 प्रतिशत से ज्यादा तेल का निर्यात होता है। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि इस तरह के हमले से हताहतों की संख्या बढ़ने और युद्ध लंबा खिंचने का खतरा है। रिपोर्ट में ट्रंप के हवाले से कहा गया, हो सकता है हम खार्ग द्वीप पर कब्जा कर लें, हो सकता है न करें। हमारे पास बहुत सारे विकल्प हैं। उन्होंने कहा, इसका यह भी मतलब होगा कि हमें वहां कुछ समय तक रहना पड़ेगा।

राष्ट्रपति ट्रंप ने आगे कहा कि उनका मानना है कि द्वीप



पर ईरान की सुरक्षा व्यवस्था बहुत कम या बिल्कुल भी नहीं है। उन्होंने कहा, हम बहुत आसानी से इस पर कब्जा कर सकते हैं। डोनाल्ड ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका मध्य पूर्व में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा रहा है और ईरान से लगभग 1,000 पाउंड यूरेनियम निकालने के लिए संभावित सैन्य अभियान पर विचार कर रहा है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप की सोच से परिचित एक अज्ञात सूत्र का हवाला देते हुए बताया गया है कि उन्होंने अपने सलाहकारों को इस बात के लिए दबाव डालने को भी कहा है कि ईरान युद्ध खत्म करने की शर्त के तौर पर यह सामग्री सौंपने पर राजी हो जाए।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पेंटागन इस क्षेत्र में 10,000 तक अतिरिक्त सैनिक तैनात कर रहा है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने शनिवार को घोषणा की कि 2,500 मरीन सहित 3,500 से ज्यादा सैनिक मध्य पूर्व पहुंच चुके हैं। इस खतरे के बावजूद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान के जरिए चल रही अप्रत्यक्ष बातचीत में प्रगति हो रही है। उन्होंने कहा, बहुत जल्द कोई समझौता हो सकता है।गौरतलब है कि इजरायल और अमेरिकी की ईरान के साथ लड़ाई को एक महीने से अधिक समय हो गया है। 28 फरवरी को यह जंग शुरू हुई थी। इसके बाद दुनियाभर में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। मार्च में ब्रेंट क्रूड की कीमत बढ़कर 119.5 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई, जो जून 2022 के बाद से सबसे ज्यादा है।

### ट्रंप को बड़ा झटका, इस करीबी देश ने अमेरिकी विमानों के लिए रातों-रात बंद किया अपना हवाई क्षेत्र

मैड्रिड,(आरएनएस)। ईरान के खिलाफ चल रहे भीषण युद्ध में अमेरिका को अपने ही एक करीबी सहयोगी देश से करारा झटका लगा है। स्पेन ने बड़ा फैसला लेते हुए इस युद्ध में शामिल किसी भी अमेरिकी सैन्य विमान के लिए अपना हवाई क्षेत्र (एयर स्पेस) पूरी तरह से बंद कर दिया है। स्पेन की रक्षा मंत्री मार्गरिटा रोब्लेस ने सोमवार को स्पष्ट किया कि अमेरिकी सेना को पहले ही यह कड़ा संदेश दे दिया गया था कि मध्य पूर्व के इस संघर्ष के लिए स्पेन के सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा और अब यह प्रतिबंध आसमान पर भी सख्ती से लागू कर दिया गया है। इससे पहले स्पेन ने अपने रोता और मोरॉन सैन्य ठिकानों के इस्तेमाल पर भी अमेरिका को साफ मना कर दिया था। यूरोपीय देशों में सबसे मुखर है स्पेन, युद्ध को बताया 'अवैध और अन्यायपूर्ण' मध्य पूर्व में अमेरिका और इजरायल की आक्रामक नीतियों की सबसे कड़ी आलोचना करने वाला यूरोपीय देश स्पेन ही बनकर उभरा है।

## ईरान ने अमेरिका को भेजे तेल से लदे 20 बड़े जहाज, जंग के बीच डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा दावा

वॉशिंगटन ,(आरएनएस)। अमेरिका-इजरायल के हमलों के बीच ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया है। बताया जा रहा है कि ईरान अब केवल उन्हीं देशों के जहाजों को गुजरने की अनुमति दे रहा है, जिन्हें वह मित्र राष्ट्र मानता है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा दावा किया है। ट्रंप के अनुसार, ईरान ने अमेरिका को तेल से लदे 20 बड़े जहाज भेजे हैं, जो होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे हैं।

ट्रंप ने कहा, मैं इसे पूरी तरह परिभाषित नहीं कर सकता, लेकिन मुझे लगता है कि सम्मान के संकेत के तौर पर ईरान हमें तेल से लदे 20 बड़े जहाज भेज रहा है। यह प्रक्रिया कल सुबह से शुरू होगी और अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगी। अपने विमान 'एयर फोर्स वन' में पत्रकारों से बातचीत करते हुए ट्रंप ने कहा कि ईरान अब समझौते के लिए तैयार नजर आ रहा है। उन्होंने बताया कि पहले ईरान 10 जहाज भेजने पर सहमत था, लेकिन बाद में इस संख्या को बढ़ाकर 20 कर दिया गया।

ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका ईरान के साथ सीधे और मध्यस्थों के जरिए बातचीत कर रहा है। हालांकि, बातचीत के साथ-साथ सैन्य कार्रवाई भी जारी है। उन्होंने कहा, आज हमने उनके कई लक्ष्यों को तबाह कर दिया है। उनकी नौसेना और वायुसेना लगभग खत्म हो चुकी है। हम बातचीत भी कर रहे हैं और जरूरत पड़ने पर कड़ा प्रहार भी कर रहे हैं।

ट्रंप ने एक बार फिर पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में 2015 में हुए परमाणु समझौते की आलोचना की। उन्होंने इसे देश के इतिहास का सबसे खराब और मूर्खतापूर्ण सौदा बताया। ट्रंप का कहना है कि यदि वह समझौता खत्म नहीं किया गया होता, तो आज ईरान के पास परमाणु हथियार होते। उन्होंने संकेत दिया कि अमेरिका अब एक नया और अधिक सख्त समझौता चाहता है, जो ईरान की परमाणु और सैन्य क्षमताओं पर पूरी तरह नियंत्रण सुनिश्चित करे।

## शहीदों का बदला लेकर रहेंगे' ईरान ने यूएसएस अब्राहम लिंकन को निशाना बनाने की दी धमकी

ईरान ,(आरएनएस)। मध्य पूर्व में अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच जारी तनाव अब खतरनाक मोड़ लेता दिख रहा है। ईरान ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अमेरिकी विमानवाहक पोत 'अब्राहम लिंकन' उसकी सैन्य पहुंच में आता है, तो उसे निशाना बनाया जाएगा। इस बयान के बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान ने हाल के दिनों में ड्रोन और मिसाइल हमलों की तीव्रता बढ़ा दी है। इन हमलों का मुख्य निशाना इजरायल और अमेरिकी सैन्य ठिकाने रहे हैं। इसके जवाब में अमेरिका और इजरायल ने भी आक्रामक रुख अपनाते हुए जवाबी कार्रवाई तेज कर दी है, जिससे हालात लगातार गंभीर होते जा रहे हैं।

खाड़ी देशों में सुरक्षा कड़ी

बढ़ते खतरे को देखते हुए यूएई, कतर और सऊदी अरब जैसे खाड़ी देशों में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। दुबई और दोहा जैसे प्रमुख शहरों में एयर डिफेंस सिस्टम सक्रिय कर दिए गए हैं, ताकि किसी भी संभावित हमले को रोका जा सके।

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर मंडरा रहा खतरा

दुनिया के सबसे अहम तेल मार्गों में शामिल स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर भी खतरे के बादल छा गए हैं। यहां किसी भी तरह का सैन्य टकराव वैश्विक तेल आपूर्ति को प्रभावित कर सकता है।

## तेल की बूंद-बूंद को तरसा पाकिस्तान, अब हर वीकेंड पर 'संपूर्ण लॉकडाउन' का ऐलान; हमेशा के लिए ठप होने वाली है एयरलाइंस

इस्लामाबाद (आरएनएस)। आर्थिक बदहाली और आसमान छूती महंगाई की मार झेल रहे पाकिस्तान में अब एक भयानक संकट खड़ा हो गया है। देश में तेल की भारी किल्लत के चलते हाहाकार मचा हुआ है, जिसे देखते हुए सरकार ने एक बेहद सख्त और चौंकाने वाला कदम उठाया है। प्रधानमंत्री के निर्देश पर पाकिस्तान में अब हर हफ्ते शनिवार और रविवार को पूरे देश में 'स्मार्ट लॉकडाउन' लगाने का बड़ा फैसला लिया गया है। आगामी 4 और 5 अप्रैल 2026 से लागू होने वाले इस नियम के बाद पूरे पाकिस्तान की रफ्तार वीकेंड पर पूरी तरह से थम जाएगी। तेल बचाने की इस भारी जद्दोजहद के बीच पाकिस्तान की सरकारी एयरलाइंस (PIA) पर भी हमेशा के लिए ताला लटकने का खतरा मंडराने लगा है।

### शनिवार-रविवार घरों में कैद रहेंगे लोग

सरकार द्वारा तैयार किए गए इस प्रस्ताव के मुताबिक, देशव्यापी लॉकडाउन हर शनिवार रात 12ः01 बजे से शुरू होकर रविवार रात 11ः59 बजे तक सख्ती से लागू रहेगा। इस दौरान देश की सभी दुकानें, छोटे-बड़े बाजार, फैक्ट्रियां और अन्य कामकाजी गतिविधियां पूरी तरह से ठप रहेंगी। सर्विस सेक्टर पर भी पूरी तरह से ताला लटका रहेगा। सरकार ने यह भी साफ कर



दिया है कि इस वीकेंड लॉकडाउन के दौरान एक शहर से दूसरे शहर जाने वाली सड़कें, सभी हाईवे और मोटरवे आम जनता के लिए पूरी तरह सील रहेंगे और निजी गाड़ियों की आवाजाही पर सख्त प्रतिबंध रहेगा। हालांकि, लोगों की बेहद जरूरी यात्राओं को ध्यान में रखते हुए सिर्फ पब्लिक बसों को इस पाबंदी से बाहर रखा गया है।

### अस्पताल और रेलवे स्टेशन खुले रहेंगे

इस सख्त लॉकडाउन के बीच सरकार ने कुछ जरूरी और आपातकालीन सेवाओं को छूट दी है ताकि लोगों की जान पर न बन आए। पूरे पाकिस्तान में अस्पताल, दवा की दुकानें और अन्य आवश्यक सरकारी सेवाएं सुचारू रूप से चलती रहेंगी। इसके अलावा, आवश्यक परिवहन और व्यापारिक गतिविधियों के लिए एयरपोर्ट, बंदरगाह और रेलवे स्टेशन भी काम करते रहेंगे। इस संकट से निपटने के लिए सरकार ने प्रांतीय सरकारों को विशेष निर्देश दिए हैं कि वे जल्द से जल्द दोपहिया और तिपहिया वाहनों का रजिस्ट्रेशन पूरा करें। सरकार की योजना है कि इस रजिस्ट्रेशन के जरिए वह सीधे तौर पर गरीब और जरूरतमंद लोगों को तेल पर सब्सिडी का फायदा पहुंचा सके।

भारी घाटे में डूबकर बंद होने की कगार पर PIA

सड़कों पर गाड़ियों के पहिए थमने के साथ-साथ अब आसमान में भी पाकिस्तान का वजूद खतरे में पड़ गया है। अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण वैश्विक तेल सप्लाई में आई भारी अनिश्चितता ने पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (PIA) को बंदी के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। पीआईए कंसोर्टियम के चेयरमैन आरिफ हबीब ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर जेट फ्यूल की कीमतें इसी तरह बेतहाशा बढ़ती रहीं, तो एयरलाइन का संचालन पूरी तरह से नामुमकिन हो जाएगा। महज कुछ ही दिनों में जेट फ्यूल (JP-1) की कीमत 388 रुपये से छलांग लगाकर 472 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गई है।

## ईरान ने कुवैत के बिजली और पानी प्लांट पर किया हमला, एक भारतीय की मौत

ईरान,(आरएनएस)। खाड़ी देश कुवैत के बिजली मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि एक पावर स्टेशन पर ईरान द्वारा किए गए हमले में एक भारतीय कर्मचारी की मौत हो गई, जबकि परिसर की एक इमारत को भारी नुकसान पहुंचा। मंत्रालय के अनुसार, यह घटना रविवार शाम को हुई। कुवैत के बिजली, पानी और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने इसे देश के खिलाफ ईरान की आक्रामक कार्रवाई बताया है।

मंत्रालय की प्रवक्ता इंजीनियर फातिमा अब्बास जौहर हयात ने कहा, कुवैत के खिलाफ ईरानी आक्रामकता के तहत एक बिजली और जल विलवणीकरण संयंत्र में स्थित सर्विस बिल्डिंग को निशाना बनाया गया। इस हमले में एक भारतीय कर्मचारी की मौत हो गई और इमारत को गंभीर नुकसान पहुंचा।

गौरतलब है कि खाड़ी क्षेत्र के कई देशों की तरह कुवैत भी अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष का असर झेल रहा है। तेहरान क्षेत्र में विभिन्न बुनियादी ढांचे और अमेरिकी ठिकानों को निशाना बना रहा है।

कुवैत के रक्षा मंत्रालय ने एक अलग बयान में बताया कि लगभग एक महीने से जारी इस संघर्ष के दौरान देश पर अब तक 307 बैलिस्टिक मिसाइलें, दो क्रूज मिसाइलें और 616 ड्रोन दागे जा चुके हैं।

रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल सऊद अल-अतवान के अनुसार, पिछले 24 घंटों में 14 बैलिस्टिक मिसाइलों और 12 दुश्मन ड्रोनों को पहचानकर नष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि इनमें से कुछ हमलों का लक्ष्य कुवैती सशस्त्र बलों का एक अड्डा था, जिसमें 10 कर्मी घायल हुए और परिसर को भी नुकसान पहुंचा।

# खेल समाचार

## IPL के इतिहास में '100 कैच' लेने वाले खिलाड़ी, जिनमे से 5 भारतीय



नई दिल्ली (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 19वां सीजन खेला जा रहा है। इस दौरान सिर्फ 5 ही खिलाड़ियों ने 100 या उससे ज्यादा कैच लपके। इनमें 4 भारतीय हैं। आइए, इनके बारे में विस्तार से जानते हैं।विराट कोहलीः इस दिग्गज खिलाड़ी ने आईपीएल करियर में अब तक सिर्फ रॉयल चैलेंजर्स की ओर से खेला है। साल 2008 से अब तक कोहली 268 मुकाबलों में उतरे, जिसमें 118 कैच लिए। कोहली इस लीग में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज भी हैं, जिन्होंने 39.86 की औसत के साथ 8,730 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 8 शतक और 64 अर्धशतक निकले।सुरेश रैनाः भारत के सबसे बेहतरीन फील्डर में से एक सुरेश रैना ने साल 2008 से 2021 के बीच कुल 205 आईपीएल मैच खेले, जिसमें 109 कैच लपके। रैना आईपीएल में सिर्फ 2 ही टीमों से खेले। उन्होंने 32.51 की औसत के साथ 5,528 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 1 शतक और 39 अर्धशतक निकले। वह इस लीग में सर्वाधिक रन बनाने वालों में पांचवें स्थान पर हैं।रवींद्र जडेजाः इस ऑलराउंडर ने आईपीएल करियर में अब तक कुल 254 मैच खेले हैं, जिसमें 109 कैच लपके। भारत के सबसे शानदार फील्डर्स की लिस्ट में जड्डू भी शुमार हैं, जिन्होंने एक ही आईपीएल मैच में 4 कैच लेने का कारनामा भी किया है। जडेजा ने आईपीएल करियर में 27.86 की औसत के साथ 3,260 रन बनाए, जिसमें 5 अर्धशतकीय पारियां शामिल हैं।कीरोन पोलार्डः वेस्टइंडीज के इस खिलाड़ी ने साल 2010 के 2022 के बीच आईपीएल करियर में कुल 189 मैच खेले, जिसमें 103 कैच लपके। पोलार्ड ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन करते हुए 28.67 की औसत के साथ 3,412 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 16 अर्धशतक निकले।रोहित शर्माः साल 2008 से अब तक रोहित शर्मा ने आईपीएल करियर में 272 मैच खेले, जिसमें 102 कैच लपके। रोहित आईपीएल इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में दूसरे पायदान पर हैं, जिन्होंने 29.73 की औसत के साथ 7,046 रन बनाए। इस दौरान रोहित ने 2 शतकीय पारियों के अलावा, 47 अर्धशतक लगाए।

### क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने केकेआर के कप्तान रहाणे के बयान पर नाराजगी जतायी

#### ग्रीन गेंदबाजी नहीं करेंगे की बात पहले ही बता दी थी

सिडनी (ए.)। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने आईपीएल में खेल रहे ऑलरांडर कैमरुन ग्रीन के गेंदबाजी नहीं करने के मामले को लेकर कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के कप्तान आजिंक्य रहाणे पर निशाना साधा है। सीए का कहना है कि रहाणे झूठ बोल रहे हैं। साथ ही कहा है कि नीलामी के समय ही ये बात बता दी गयी थी कि ग्रीन पूरी तरह से फिट नहीं होने के कारण आईपीएल में शुरुआती दो सप्ताह तक गेंदबाजी नहीं कर सकेंगे। ये मामला तब उठा जब मुम्बई इंडियंस के खिलाफ पहले ही मैच में केकेआर की गेंदबाजी अच्छी नहीं होने के बाद भी ग्रीन ने एक भी ओवर नहीं किया जबकि केकेआर ने 25 करोड़ 20 लाख रुपये की बोली लगाकर ग्रीन को खरीदा था। ऐसे में ग्रीन को गेंदबाजी न देने से कई लोगों ने सवाल किये जिसपर रहाणे ने कहा कि ये बात वे सीए से ही पूछें। रहाणे के इसी बयान को लेकर सीए ने नाराजगी जतायी है।

## आईपीएल में आज होगा गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स का मुकाबला

#### शाम 7.30 से होगा मैच

मुल्लांपुर (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मंगलवार को गुजरात टाइटंस का मुकाबला पंजाब किंग्स से होगा। इस मैच से दोनो ही टीमें अपने अभियान को शुरु रही हैं और ऐसे में दोनो का ही प्रयास जीत हासिल करना रहेगा। गुजरात की कप्तानी शुभमन गिल जबकि पंजाब की श्रेयस अय्यर संभालेंगे। पंजाब की टीम पिछली बार श्रेयस की कप्तानी में फाइनल तक पहुंच थी, ऐसे में उनका लक्ष्य इस बार टीम को जीत दिलाना रहेगा। वहीं दूसरी और गुजरात का प्रदर्शन पिछली बार अच्छा नहीं रहा था, ऐसे में शुभमन इस बार टीम को जीत दिलाने के पूरे प्रयास करेंगे। शुभमन का लक्ष्य बेहतर बल्लेबाजी




कर ये दिखाना भी रहेगा कि वह टी20 में भी एक अच्छे बल्लेबाज हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो अब तक पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच कुल 6 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से दोनो ही टीमों ने 3-3 मुकाबले जीते हैं। पिछले सत्र में पंजाब जीती थी और इस बार गुजरात उस हार का बदला लेना चाहेगी। पंजाब को इस मैच में घरेलू मैदान का भी लाभ मिलेगा। पंजाब की बल्लेबाजी श्रेयस के अलावा प्रभसिमरन सिंह, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस और निहाल वढ़ेरा पर रहेगी। वहीं गुजरात की बल्लेबाजी शुभमन गिल के अलावा साइ सुदर्शन, जोस बटलर पर आधारित रहेगी। गुजरात ने इस बार अनुभवी ऑलराउंडर जेसन होल्डर के अलावा टॉम बैंटन, ल्यूक वुड जैसे खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल किया। जिसका उसे कितना लाभ मिलता है ये देखना होगा। उसके पास राशिद खान जैसे स्टार स्पिनर भी हैं। 18 करोड़ रुपये और गिल को 16.5 करोड़ रुपये में रिटेन किया था।शुभमन गिल का टी20 करियर का स्ट्राइक रेट 138 है लेकिन पिछले साल उन्होंने 155 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। हार्दिक पंड्या के जाने के बाद से गिल ने कप्तानी की जिम्मेदारी अच्छी तरह से संभाली है।

## रोहित ने पहले ही मैच में 550 छक्के पूरे किये, कई रिकार्ड भी अपने नाम किये



मुम्बई (ए.)। मुम्बई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने आईपीएल 2026 सत्र के पहले ही मैच में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान ही अपने 550 छक्के लगा दिये। इस दौरान रोहित ने कई अन्य रिकार्ड भी बनाये। रोहित ने केवल 23 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया। ये उनके आईपीएल करियर का सबसे तेज अर्धशतक भी रहा है। उन्होंने यह अर्धशतक पावरप्ले के अंदर ही पूरा कर लिया।

इस पारी में तीन छक्के लगाते ही रोहित ने टी20 क्रिकेट में अपने 550 छक्के भी पूरे किये। इसके साथ ही वह टी20 में 500 से ज्यादाछक्के लगाने वाले पहले एशियाई खिलाड़ी व विश्व के 9वें खिलाड़ी बन गये हैं।

इस पारी के दौरान ही रोहित ने केकेआर के खिलाफ अपने 1100 रन पूरे कर लिए। इसी के साथ ही केकेआर के खिलाफ सबसे अधिक रन बनाने वाले मुम्बई के खिलाड़ी बन गये हैं। रोहित शर्मा ने अपने आईपीएल करियर में 50वीं बार 50 से अधिक स्कोर बनाया। इसके साथ वह ऐसा करने वाले चौथे खिलाड़ी बने। विराट कोहली के बाद वह दूसरे भारतीय खिलाड़ी हैं जिसने इतने अधिक अर्धशतक लगाये हैं।

### पीएसएल में गेंद से छेड़छाड़ करते पाये गये फखर जमां

#### शाहीन, हारिस और राउफ की भी जांच होने की संभावना

लाहौर (ए.)। पाकिस्तान में पाक सुपर लीग (पीएसएल) 2026 की शुरुआत में ही विवाद हो गया है। सुपर लीग में गेंद से छेड़छाड़ का मामला सामने आने के बाद एक बार फिर हडकंप मचा हुआ है। इससे पाक क्रिकेट में व्याप्त बेइमानी की पोल एक बार फिर खुल गयी है। इस बार बल्लेबाज फखर जमां गेंद से छेड़छाड़ करते हुए पाये गये हैं जिसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया में आया है। इस मामले में फखर के अलावा कप्तान शाहीन शाह अफरीदी, गेंदबाज हारिस राउफ और बल्लेबाज फखर जमां पर भी कार्रवाई होने की संभावनाएं हैं। गेंद से छेड़छाड़ का ये मामला पीएसएल के लाहौर कलंदर्स और कराची किंग्स मैच का है।

## IPL 2026: KKR के खिलाफ इरफान ने चुने MI के 12 खिलाड़ी, शार्दुल को नहीं दी जगह

नई दिल्ली (ए.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में रविवार को मुंबई इंडियंस (एमआई) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच सीजन का दूसरा मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच को लेकर पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान ने पांच बार की चैंपियन एमआई के लिए अपने मजबूत 12 खिलाड़ी चुने हैं।इस मुकाबले से पहले ही मुंबई इंडियंस को दो बड़े झटके लगे हैं। दो विदेशी खिलाड़ी, विल जैक्स और मिशेल सेंटनर टीम के पहले मैच में नहीं खेल सकेंगे।इरफान पठान ने टॉप ऑर्डर में अनुभव को तरजीह दी है। उन्होंने बल्लेबाज रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग के लिए क्विंटन डी कॉक को चुना है, जबकि रायन रिकेल्टन को बाहर रखा है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि टीम मैनेजमेंट रोहित को 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर इस्तेमाल न करे, मैदान पर उनकी मौजूदगी कप्तान और टीम के



लिए बहुत जरूरी है।मिडिल ऑर्डर में, पठान ने युवा लेफ्ट-हैंडर तिलक वर्मा को तीसरे नंबर पर रखा है, उनके बाद भारत की टी20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने वाली टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को चौथे नंबर पर रखा है। कप्तान हार्दिक पांड्या को पांचवें नंबर पर रखा गया है, जिससे बैटिंग यूनिट को स्थिरता और आक्रामकता, दोनों मिलेंगी।

जैक्स की गैरमौजूदगी में, पठान ने छठे नंबर की भूमिका के लिए शेरफेन रदरफोर्ड का समर्थन किया है, जबकि सातवें नंबर पर फिनिशर के तौर पर नमन धीर चुने गए हैं।बॉलिंग के मोर्चे पर, पठान ने एक संतुलित अटैक चुना है। उन्होंने स्पिन की जिम्मेदारी संभालने के लिए लेग-स्पिनर मयंक मार्कंडे के साथ युवा स्पिनर अल्लाह गजनफर को शामिल किया है। तेज बॉलिंग डिपार्टमेंट में, एमआई के पास दीपक चाहर, ट्रेंट बोल्ट और जसप्रीत बुमराह की एक मजबूत तिकड़ी है, जिनसे खास तौर पर पावरप्ले और डेथ ओवर्स में अहम भूमिका निभाने की उम्मीद है।इरफान पठान ने ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को अपनी टीम से बाहर रखा है। शार्दुल आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स से इस फ्रेंचाइजी में शामिल हुए थे।

# किसान नेताओं व किसान संगठन के पदाधिकारियों ने केंद्रीय कृषि मंत्री से की मुलाकात

## मूंग खरीदी की व्यवस्था को यथावत रखने का किया आग्रह



नर्मदापुरम। भोपाल (निप्र) ।केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भोपाल स्थित निवास पर नर्मदापुरम जिले के सभी किसान संगठन के साथियों के साथ सौजन्य भेंट हुई। शिवराज सिंह चौहान को खरीदी में पारदर्शिता लाकर नियमों का सरलीकरण कर ई उपार्जन पोर्टल में आ रही तकनीकी समस्याओं से अवगत कराया एवं मूंग खरीदी की जो व्यवस्था शिवराज जी के मुख्यमंत्री रहते हुए सुचारू थी उस व्यवस्था को केंद्र की निगरानी में प्रदेश सरकार के सहयोग से यथावत रखकर समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी व्यवस्था को यथावत रखने का आग्रह किया।

कृषि मंत्री जी ने सभी किसान साथियों को आस्वस्त किया कि किसान हित हमारी सरकार की प्राथमिकता है उनके हितों पर कुठारघात नहीं होने दिया जाएगा शिवराज जी से ग्रामीण क्षेत्र में सड़कों की दुर्दशा को सुधारनेए खेत सड़क योजना को शीघ्र प्रारंभ करने सहित अनेको किसान हितैषी एवं ग्रामीण विकास से जुड़े हुए विषयों पर प्रतिनिधिमंडल ने व्यापक चर्चा की प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से सदस्य आईसीएआर नीतिराज चौधरी भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष नर्मदापुरम योगेंद्र सिंह राजपूत, राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष राकेश गौर, जनपद सदस्य यशवंत गौर, राम कुमार पटेल गणेश गौर जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य प्रशांत अग्रवाल पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित गौर सहित अनेकों किसान साथी एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गेहूं उपार्जन 2026-27ः मध्य प्रदेश में गेहूं खरीदी की तिथियां घोषित



नर्मदापुरम/(निप्र)। रबी विपणन वर्ष 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए निर्धारित SOP जारी की गई है। उप सचिव म.प्र. शासन खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग बी.के. चंदेल ने बताया कि राज्य शासन द्वारा उपार्जन तिथि को संशोधित करते हुए इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में गेहूं खरीदी 10 अप्रैल, 2026 से और शेष संभागों में 15 अप्रैल, 2026 से की जाएगी।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत BSW MSW विद्यार्थियों द्वारा रंगोली चित्रकला का आयोजन



नर्मदापुरम (निप्र)। म.प्र. जन अभियान परिषद सिवनी मालवा द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के तहत CMCLDP विद्यार्थियों द्वारा रंगोली चित्रकला का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, जल संचयन और जल संवर्धन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी रचनात्मकता प्रस्तुत की। छात्रों ने रंगोली और चित्रों के माध्यम से विद्यार्थियों ने समाज को जल बचाने का संदेश दिया और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। कार्यक्रम में संभाग समन्वयक कोशलेश तिवारी ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जल ही जीवन है, और इस तरह की कार्यक्रम मे लोगों की जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का भाव जगाती हैं। विद्यार्थियों की कला समाज को प्रेरित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना ही नहीं, बल्कि व्यवहार में जल संरक्षण को अपनाना है।

और अपने अपने प्रयोग शाला ग्राम में जल संरक्षण को लेकर घर घर ये संदेश पहुँचना है जल को बचाना है, दीवार लेखन,करने पर छात्रों को जानकारी दी। विकास खंड समन्वयक हरि दास दायमा ने छात्रों के उत्साह की प्रशंसा करते हुए कहा कि गाँव और कस्बों में इस तरह की गतिविधियां जल संरक्षण को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य M S W Bsw के विद्यार्थियों द्वारा किया जा रहा है विद्यार्थी ही भविष्य के निर्माता हैं और उनका योगदान इस अभियान को सफल बनाने में अहम है।सभी विद्यार्थियों को जल संरक्षण को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर परामर्शदाता रघुवीर मालवीय, सेवनदास लोवंशी, नेहा यादव, श्यामा रघुवंशी मौजूद रहे।

# मुखर्जी काम्पलेक्स का अवैधानिक जीना नहीं हटा सकी नपा

### अब व्यापारी हाईकोर्ट जाने की तैयारी में, धारा 133 के लिए किया जाएगा आवेदन

नर्मदापुरम(निप्र)। मुखर्जी काम्पलेक्स का अवैधानिक जीना हटाने में नगर पालिका के द्वारा हीला हवाली व बहानेबाजी की जा रही है। इस संबंध में अनेक व्यापारियों ने सार्वजनिक मार्ग पर अवैधानिक रूप से लगाए गए जीने को हटाने के लिए नगर पालिका से अनेक बार निवेदन कर चुके है। जिला प्रशासन की तथा नगर पालिका कार्यालय की जनसुनवाई में अनेक आवेदन दिए गए। 181 पर मुख्यमंत्री हेल्प लाइन में शिकायत दर्ज कराई जाने के बाद भी एक माह बीत जाने के उपरांत भी नगर पालिका के द्वारा अवैधानिक जीना लगाने वाले को संरक्षण देते हुए जीना हटाने पहुंचे नगर पालिका के अमले को जानबूझकर वापस कर दिया गया। उस अवैधानिक जीने को एक बार शुरू में नगर पालिका हटा चुकी है। तथा उसके द्वारा जीना लगाने की अनुमति मांगने पर नपा ने लिखित में मना कर चुकी है। उसके बाद भी मनमानी करते हुए दोबारा जीना लगाकर तथा नगर पालिका के भवन में तोड़फोड़ करते हुए नियम और शर्तों का उल्लंधन करते हुए जीना लगा लिया। उसके बाद जीना का विरोध करने वालों ने अनेक आवेदन दिए जिस पर सीएमओ ने मौके पर जाकर निरीक्षण करने के बाद भी एक पखवाडे तक हटाने में मुहुर्त ही नहीं मिल सका। नगर पालिका ने स्वयं यह सिद्ध कर दिया है कि जीना अवैधानिक है। इसके बाद भी उसे हटाने में इतना लंबा समय लगा दिया। नगर पालिका ने अपने बचाव में संबंधित को नोटिस देकर स्वयं जीना हटाने के लिए 24 घंटे का समय दिया था। उसे ही एक सप्ताह से अधिक का समय निकलने के बाद भी अवैधानिक जीना हटाने में सोचा विचारी की जा रही है। जीना हटाने की मांग करने वाले अनेक व्यापारियों ने इतने लंबे समय तक इंतजार कर लिया जब नगर पालिका और जिला प्रशासन तथा शासन स्तर से कोई पहल होती नजर नहीं आने पर अब व्यापारियों ने हाईकोर्ट में मप्र नगर पालिका अधिनियम की धारा 133 के लिए आवेदन करने का मन बना लिया है। इस संबंध में अनेक व्यापारियों ने आपस में राशि एकत्रित करके जबलपुर जाने की तैयारी शुरू कर दी है। जिसके पुख्ता कागजात तैयार कर लिए हैं।

# डेढ़ वर्ष के लिए ऐल्डरमैन हुए मनोनीत

## नपा के भंग होते ही समाप्त हो जाएगा कार्यकाल

नर्मदापुरम। भोपाल(निप्र)। चुनाव के बाद से ही पार्टी के कार्यकर्ता ऐल्डरमैन बनने का सपना देख रहे थे। नपा का साढ़े तीन वर्ष का कार्याकाल समाप्त हो गया है। सब कुछ ठीक रहा तो निर्धारित समय 2027 में फिर से नपा के चुनाव होंगे। तब तक ही ऐल्डमैन का कार्यकाल रहेगा। शासन ने देर से नाम घोषित किए तो दबी जुबान से लोग कह रहे हैं कि अब इन्हें पांच वर्ष का मौका दिया जाए। जब परिषद भंग हो जाए तब ये ही लोग नगर पालिका का संचालन करें। इनमें से ही अध्यक्ष उपाध्यक्ष बनाकर काम चलाया जाए। लेकिन ऐसा होता नहीं है। इन मनोनीत पार्षदों को तो नपा की बैठक में मत देने का अधिकार तक नहीं है।

प्रदेश सरकार ने मध्य प्रदेश की 46 नगर पालिकाओं और 123 नगर परिषदों में कुल 768 एल्डरमैन नियुक्त कर दिए हैं। सूची में जिनका नाम आ गया वे बहुत खुश हैं। उनको बधाईयों का तांता लगा हुआ है। वहीं कुछ मन मसोस कर रह गए।

### लंबे समय से इंतजार था

भाजपा कार्यकर्ताओं को एल्डरमैनों की नियुक्त का इंतजार लंबे समय से था। कई लोगों ने तो आशा ही छोड़ दी थी। क्योंकि पहले भी सरकार ने एल्डरमैनों की नियुक्ति में रूचि नहीं ली थी। काफी समय बाद एल्डरमैन मनोनीत हो सके। बताया जा रहा है कि पार्टी स्तर से ऐसे कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी गई जो नगरीय निकायों में प्रशासनिक व नगर पालिका अधिनियम की जानकारी रखते हैं। नियमानुसार ये एल्डरमैन परिषद की बैठकों और चर्चाओं में भाग ले सकते हैं, लेकिन उनके पास परिषद में मत का अधिकार नहीं होता है। परिषद के कार्यकाल तक ही इनका भी कार्यकाल रहता है। जिन्हें ऐल्डरमेन बनने का मौका मिला है वे इतने में ही खुश हैं।

### बैंक अध्यक्ष, मंडी और निगमों के अध्यक्षों की प्रतीक्षा

ऐल्डरमैन की नियुक्ति होने के साथ ही अब शेष कालेज की जनभागीदारी समिति अध्यक्षों, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष, मंडी अध्यक्ष, और निगमों के अध्यक्षों की प्रतीक्षा पार्टी के कार्यकर्ताओं को होने लगी है। इनकी नियुक्ति व प्रक्रिया भी लंबे समय से थमी हुई है। या तो प्रशासकों से काम चलाया जा रहा है। या फिर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है।

# बनखेड़ी में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ



नर्मदापुरम(निप्र)। बनखेड़ी में जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य जल संरक्षण और लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था बनखेड़ी मां नर्मदा ग्राम विकास समिति और नगर विकास प्रस्फुटन समिति बनखेड़ी ने संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम का आयोजन किया। रेलवे स्टेशन प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में श्रीमती सुखवती वर्मा, ब्लॉक समन्वयक, जन अभियान परिषद के नेतृत्व में जल पत्रों की पूजा अर्चन कर रिबन काटकर जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ किया गया।इस मौके पर बनखेड़ी मां नर्मदा ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद मेहर ने कहा, जल ही जीवन है, इसे व्यर्थ न गवाएं, जल का संचयन करें, बूंद-बूंद पानी को सहेजें, जल है तो कल है। कार्यक्रम में नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष कमलेश नामदेव, सदस्य अखिलेश राय, तुलसी समाज सेवा के अध्यक्ष तुलसीराम कहार, परामर्शदाता मकरन सिंह कुशवाहा और अन्य गणमान्य व्यक्ति सहित एमएसडब्ल्यू एब बीएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# जनगणना 2027 प्रशिक्षणः जनगणना से जुड़े कार्य की व्यवहारिक जानकारी प्रदान करने फील्ड ट्रेनर्स को दिया गया प्रशिक्षण



नर्मदापुरम(निप्र)। जनगणना 2027 की तैयारियों के अंतर्गत जिले में संचालित फील्ड ट्रेनर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत द्वितीय बैच के तीसरे दिन का प्रशिक्षण सोमवार, 30 मार्च 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड ट्रेनर्स को व्यवहारिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से फील्ड विजिट कराई गई, जिससे उन्हें जमीनी स्तर पर कार्य की वास्तविक परिस्थितियों से अवगत कराया जा सके। इसके साथ ही प्रशिक्षण सत्र को अधिक प्रभावी एवं सहभागितापूर्ण बनाने के लिए रोल प्ले, क्विज प्रतियोगिता तथा फीडबैक फॉर्म भरवाए गए। जिला प्रभारी जनगणना सुश्री आयुषी यादव, मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे ने प्रशिक्षण प्रदान किया।इन गतिविधियों के माध्यम से फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना कार्य से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के माध्यम से फील्ड स्तर पर कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ आने वाली चुनौतियों के समाधान के लिए ट्रेनर्स को सक्षम बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जनगणना 2027 के सफल संचालन हेतु जिले में चरणबद्ध रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके तहत पूर्व में भी 24 मार्च से 26 मार्च तक 27 फील्ड ट्रेनर को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है।

# नरवाई जलाने की शिकायत पर प्रशासन ने दिखवाई मुस्तैदी मौके पर पहुंचकर किसानों को दी समझाइश



नर्मदापुरम(निप्र)। बैराखेड़ी एवं सांवलखेड़ा में किसानों द्वारा नरवाई जलाए जाने की शिकायत को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। प्रशासनिक टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार उप संचालक कृषि रविकांत सिंह, सहायक संचालक कृषि राजीव यादव, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सुश्री जयश्री देशमुख एवं कृषि विस्तार अधिकारी सुश्री नेहा नागोले ने गांव पहुंचकर किसानों से सीधे संवाद किया।अधिकारियों ने किसानों को स्पष्ट रूप से नरवाई नहीं जलाने की समझाइश देते हुए बताया कि इससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान होता है तथा गौशालाओं के लिए आवश्यक भूसा भी नष्ट हो जाता है। उन्होंने किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के वैकल्पिक तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान नंदनी गौशाला की टीम के साथ भी चर्चा की गई। आसपास के उन किसानों से संवाद कर उन्हें समझाया गया, जो गौशाला के लिए भूसा बनाने में बाधा उत्पन्न कर रहे थे। अधिकारियों के समझाइश के बाद किसानों ने गौशाला हेतु भूसा निर्माण में सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की।

# नया शिक्षा सत्र- एक अप्रैल को मनाया जाएगा प्रवेश उत्सव

### हमारी शाला- हमारी जिम्मेदारी के अंतर्गत शिक्षकों ने की साफ सफाई




नर्मदापुरम(निप्र)। नया शिक्षा सत्र 2026- 27 का आगाज एक अप्रैल से होगा स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा और नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक बंदन का स्वागत किया जाएगा। इसी दिन छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठय पुस्तकों का वितरण किया जाएगा। विगत एकेडमिक वर्ष में 85न्न से अधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों के पालकों को विशेष रूप से आमंत्रित कर उनका सम्मान किया जाएगा तथा संस्था में पूर्णतया अनुशासित छात्र छात्रों को भी संस्था स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। कक्षा नौवीं में प्रवेशित छात्र-छात्राओं का एक अप्रैल से पांच अप्रैल तक ब्रिज कोर्स के अंतर्गत बेसलाइन टेस्ट लिए। जाएगा संस्था स्तर पर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कक्षा 9वी एवं 11वीं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की अंकसूची का वितरण किया जाएगा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमलवाडा के प्राचार्य राममोहन रघुवंशी ने बताया कि संस्था स्तर पर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। संस्था के सभी शिक्षकों ने हमारी शाला हमारी जिम्मेदारी के अंतर्गत संस्था परिसर शौचालय की साफ सफाई की गई। इसमें छात्र-छात्राओं ने भी सहयोग किया एक अप्रैल को प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में जनपद सदस्य, ग्राम पंचायत सरपंच, उपसरपंच एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा निशुल्क पाठय पुस्तकों का वितरण किया जाएगा। कैचमेंट की शालाओं से कक्षा आठवीं एवं 11वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को संबंधित प्रधान पाठकों द्वारा प्रमोट कर दिया गया है।

### *अवैध डीजल भंडारण पर जावर थाना पुलिस की कार्यवाही, 4825 लीटर डीजल जब्त*

*सीहोर(निप्र)। जिले में डीजल, पेट्रोल एवं गैस सिलेंडर के अवैध भंडारण को रोकने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी के चलते 29 मार्च की रात को जावर पुलिस द्वारा इंदौर भोपाल रोड़ स्थित चद्दर का टपरा (शेड) एवं टीन की गोदाम में अवैध रूप से भंडारित 4825 लीटर डीजल जब्त किया गया। इस डीजल की कीमत लगभग 04 लाख रूपये है। इसके साथ ही अवैध भंडारण करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध प्रकरण भी दर्ज किया गया है।जिन व्यक्तियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है, उनमें शाजापुर जिले के जरखी निवासी दीपसिंह परिहार और आष्टा के मालीपुरा निवासी जुगल जायसवाल एवं यश जायसवाल शामिल हैं। जावर थाना प्रभारी एवं उप पुलिस अधीक्षक हेमंत पांडेय ने बताया कि यह कार्रवाई उप निरीक्षण संतोष विश्वकर्मा, प्रभारी आरक्षक जस्सुलाल सोलंकी, आरक्षक नरेन्द्र, मनोज, जितेन्द्र जमरे, सुरेन्द्र जमरा, अमित जमरे, कमलेश पंवार, सैनिक संतोष पोरवाल, राहुल परमार, संतोष, यशवंत, गोपाल और थाना जावर पुलिस द्वारा की गई।*

## वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर का उपार्जन कार्य हेतु 16 उपार्जन केन्द्र निर्धारित

नर्मदापुरम(निप्र)। मध्य प्रदेश शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) के लिए चना और मसूर की खरीद के लिए 16 उपार्जन केन्द्र निर्धारित किये गए है। इन केंद्रों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर एफ.ए.क्यू. मापदंड अनुरूप उपार्जन किया जाएगा। तत्संबंध में कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना द्वारा उपार्जन समिति/ संस्थाओं नर्मदाचल वि स संस्था मर्या नर्मदापुरम, वृ.से.स.समिति डोलरिया कांद्राखेडी, से.स.समिति बांकाखेडी, से.स.समिति खपरिया, वृ.से.स.समिति धामनिया, से.स.समिति भैरोपुर, से.स.समिति लोखरतलाई, वृ.से.स.समिति शिवपुर, से.स.स. झकलाय, वृ.से.स.समिति रमपुरा, से.स.समिति लोधडी, से.स.समिति भैंसादेह, आदिम जाति से.स.स. नंदरवाडा, से.स. समिति नर्मदांचल, कृ.से.स.समिति देवगांव पिपरिया एवं कृ.से.स.समिति खापरखेडा को निर्देश दिए गए हैं कि वे उपार्जन से पहले गोदामों का भौतिक सत्यापन करें और सुनिश्चित करें कि वहां पहले से चना और मसूर का भंडारण न हो।

## खेड़ापति हनुमान मंदिर में गूंजेगा सीताराम संकीर्तन,2 को उमड़ेगा आस्था का सैलाब



भैरुंदा (संजय कलमोर) । नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र में आगामी 02 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव का पर्व हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। संकटमोचन हनुमान जी के जन्मोत्सव को लेकर क्षेत्र के सभी मंदिरों में विशेष तैयारियां अंतिम चरण में हैं। विशेष रूप से नगर के प्राचीन एवं सुप्रसिद्ध खेड़ापति हनुमान मंदिर में इस वर्ष भव्य आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई है। जहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। खेड़ापति हनुमान मंदिर के पुजारी प्रकाश तिवारी ने बताया कि जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भगवान हनुमान का अलौकिक और भव्य श्रृंगार किया जाएगा। इस दौरान मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया जा रहा है। आयोजन की शुरुआत शाम 5:30 बजे से होगी। जिसमें सीताराम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान स्थानीय गायकों और श्रद्धालुओं द्वारा प्रभु श्री राम और भक्त शिरोमणि के भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी,जिससे पूरा वातावरण धर्ममय हो जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण शाम 7:30 बजे होने वाली महाआरती होगी। महाआरती के पश्चात भगवान को विशेष भोग लगाया जाएगा और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम संपन्न होगा। केवल नगर ही नहीं,बल्कि ग्रामीण अंचलों में भी हनुमान जयंती को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है।

*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*